




दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

वर्ष 03, अंक 253 | ग्वालियर, गुरुवार 17 सितम्बर 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8

## सुरेश रैना के चाचा और भाई की हत्या का केस पंजाब पुलिस ने सुलझाया

# 3 गिरफ्तार और 11 की तलाश जारी

**चंडीगढ़।** भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना के चाचार और चचेरे भाई की हत्या के मामले में पंजाब पुलिस ने सुलझा लिया है। पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने बुधवार को कहा कि मामले में एक अंतरराज्यीय गिरोह के तीन कथित सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। आपको बता दें कि रैना के चाचा अशोक कुमार और चचेरे भाई कौशल कुमार की लुटेरों ने उस वक्त हत्या कर दी थी जब वे 20 अगस्त को पठानकोट से अपने घर लौट रहे थे। इस वारदात के बाद रैन की चाची आशा रानी को एक अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था।

पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिनकर गुप्ता ने कहा कि आरोपी डाकू के एक अंतरराज्यीय गिरोह का हिस्सा हैं और उन्होंने कहा कि मामले के 11 अन्य सदस्यों को गिरफ्तार किया जाना बाकी है। सीएम अमरिंदर सिंह ने बताया कि इस वारदात के बाद एक विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन किया गया था। एसआईटी ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की कई धाराओं के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। डीजीपी के अनुसार, पकड़े गए आरोपियों के पास से एक सोने की अंगूठी, एक महिलाओं की अंगूठी, एक महिलाओं की सोने की चेन, 1530 रुपये और दो लकड़ी की डंडे बरामद किया गए हैं। उन्होंने गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सावन, मुहब्बत और शाहरुख खान के रूप में की है। पंजाब सरकार ने आधिकारिक बयान जारी कर कहा है कि 15 सितंबर को एसआईटी को सूचना मिली कि तीन संदिग्ध, जो घटना के बाद सुबह डिफेंस रोड पर देखे गए थे, पठानकोट रेलवे स्टेशन के पास झुग्गियों में रह रहे थे। एक छापा मारा गया गया और तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। इसमें कहा गया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि वे एक गिरोह के रूप में दूसरों के साथ काम कर रहे थे और उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और पंजाब के विभिन्न हिस्सों में पहले भी कई ऐसे अपराधों को अंजाम दे



चुके हैं। पुलिस ने आरोप लगाया कि आरोपी जगराओं से पठानकोट आए, जहां उन्होंने 14 अगस्त की रात को भी एक डकैती की थी। डीजीपी ने कहा कि 14 अगस्त की वारदात को अंजाम देने के लिए पठानकोट में एक संजू जो इलाके को अच्छी तरह से जानता था वह भी गिरोह में शामिल था।

बयान में आगे कहा गया है कि आरोपियों ने पहले ही एक शटरिंग शॉप की पहचान कर ली थी, जहां बांस की सीढ़ी को जंजीरों से बांधकर रखा गया था। पहले दो घर जहां उन्होंने सीढ़ी लगाई थी, एक गोदाम और खाली घर था, जबकि तीसरा अशोक कुमार का था जो सुरेश रैन के चाचा थे। पांच आरोपी छत से सीढ़ी का उपयोग करते हुए घर में घुस गए, जहां उन्होंने तीन लोगों को लेटे हुए देखा। संदिग्धों ने घर में घुसने से पहले उनके सिर पर मारा, जिसके बाद वह घर से सोने का सामना और गहने लेकर फरार हो गए। इसके बाद आरोपियों ने हाईटेंशन बिजली की तारों को पार करते हुए ओपन फायर भी किया। इसके बाद वह सभी अलग-अलग ग्रुप्स में बंटकर वहां से निकल गए।

## न्यूज ट्रैक

### बिहार में बेरोजगारी और रोजगार पर तेजस्वी ने नीतीश सरकार को घेरा



**पटना।** बिहार चुनाव 2020 को लेकर नीतीश सरकार पर लगतार हमला कर रहे नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बेरोजगारी, पलायन और उद्योग-धंधों को लेकरर एक बार फिर नीतीश सरकार को घेरा है। तेजस्वी ने इन मुद्दों से संबंधित संबंधित 17 सवाल नीतीश सरकार से पूछा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार अपना चेहरा नहीं छुपाये, राज्य के सात करोड़ युवाओं के सीने में धधक रहे इन ज्वलंत सवालों का जवाब दें। उम्मीद जताई है कि सरकार करोड़ों बेरोजगार युवाओं के भविष्य से संबंधित इन सवालों का जवाब जरूर देगी।

### शादी के 17 दिन बाद महिला ने दिया बच्चे को जन्म, प्रेमी को बचाने के लिए पिता-भाई पर दर्ज कराया गैंगरेप का फर्जी केस

उन्नाव। नौ महीने पहले पिता और भाई समेत 10 लोगों के खिलाफ लगे गैंगरेप के आरोप का मंगलवार को महिला थाना पुलिस ने खुलासा कर दिया। मामले में पीड़िता ने अपने प्रेमी को बचाने के लिए कहानी गढ़ी था। पुलिस ने आरोपित प्रेमी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। उत्तर प्रदेश में उन्नाव जिले के एक गांव की महिला की शादी लखनऊ के बंथरा क्षेत्र में हुई थी। शादी के 17 बाद ही महिला ने बच्चे को जन्म दिया। इससे मायके व ससुरालीजनों में हड़कंप मच गया। मामला बढ़ा तो महिला ने अपने सगे पिता-भाई समेत 10 लोगों पर गैंगरेप का आरोप लगाते हुए महिला थाने में केस दर्ज करा दिया। पिता-भाई पर दुष्कर्म का केस दर्ज होने के बाद मामला उलझ गया। जांच में जुटी पुलिस ने नामित लोगों से पूछताछ की और सभी का डीएनए टेस्ट कराया। डीएनए रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने नामजद दिलीप निवासी कमदूमपुर कैथी थाना बंथरा लखनऊ का नाम आया। सोमवार देर शाम पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया और मंगलवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि पीड़िता के साथ उसके सबंध थे और वह गर्भवती हो गई। उधर, कुछ दिन बाद उसकी शादी हो गई और उसने बच्चे को जन्म दे दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में महिला आरक्षी पायल सेंगर, नीरज, दीक्षित यादव व चालक अमर सिंह रहे।

### यूपी पंचायत चुनाव 2020: आयोग की गाइडलाइन से कई ग्राम प्रधानों को झटका, इस बार नहीं लड़ पाएंगे इलेक्शन

**आगरा।** उत्तर प्रदेश में होने वाले पंचायत चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। राज्य निर्वाचन आयोग ने वैसे तो अभी चुनाव की तारीख का ऐलान नहीं किया है लेकिन वोटर लिस्ट तैयार करने का आदेश दे दिया है। मंगलवार को इसका विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया गया। राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार की ओर से जारी इस कार्यक्रम के अनुसार आगामी पहली अक्तूबर से बूथ लेबल आफिसर (बीएलओ) घर-घर जाकर वोटर लिस्ट की जांच करेंगे। इस बीच आगरा मंडल के सभी जिलों के 90 फीसदी प्रधान, बीडीसी और जि पंचायत के सदस्य चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। ऐसा उनके द्वारा चुनाव आयोग के नियमों का पालन न करने के कारण हो रहा है। चुनावी खर्च जमा न करने के कारण उन्हें डिबार किया जा सकता है। इसको देखते हुए चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों ने सचिवालय में चक्कर काटने शुरू कर दिए हैं।

### एलएसी पर तनाव के बीच सरकार की विपक्ष संग अहम बैठक, राजनाथ सिंह भी होंगे मौजूद

**नई दिल्ली।** लद्दाख में भारत-चीन के बीच सीमा विवाद को लेकर जारी तनाव के बीच केंद्र सरकार बुधवार शाम को विपक्षी दलों के साथ अहम बैठक करने जा रही है। हालांकि, इस बैठक में संसद के मॉनसून सत्र को सुचारू ढंग से चलाने की रणनीति पर चर्चा होगी, लेकिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति के कारण बैठक काफी अहम मानी जा रही है। संसद में होने वाली यह बैठक शाम पांच बजे शुरू होगी। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे। विपक्षी दलों ने बैठक में शामिल होने के लिए फ्लोर के नेताओं को भेज रही है। इस बैठक के बारे में जानकारी रखने वाले लोगों का कहना है कि इस बैठक में कौन से मुद्दे उठाए जाएंगे, इसपर फैसला नहीं हुआ है। सरकार से उम्मीद की जा रही है कि वह प्रमुख विधेयकों को जल्द पारित कराने के लिए विपक्ष से मदद मांगेगी, लेकिन विपक्ष भारत-चीन सीमा स्थिति और अर्थव्यवस्था की स्थिति पर बहस कराने की मांग लगातार कर रहा है। संसद के मॉनसून सत्र के तीसरे दिन बुधवार को, कांग्रेस के राज्यसभा सांसद आनंद शर्मा ने राज्यसभा में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीनी सेना की घुसपैठ और सैन्य गतिरोध पर एक छोटी अवधि की चर्चा का नोटिस दिया।

### बाबरी मस्जिद विध्वंस केस में 30 सितंबर को आएगा फैसला, आडवाणी, जोशी और उमा भारती हैं आरोपी

**लखनऊ।** दशकों पुराने बाबरी मस्जिद विध्वंस केस में सीबीआई की विशेष अदालत 30 सितंबर को अपना अंतिम फैसला सुनाएगी। सीबीआई कोर्ट के जज सुरेंद्र कुमार यादव ने बुधवार को इस मामले में अंतिम फैसला देने के लिए 30 सितंबर की तारीख तय की है। बाबरी मस्जिद विध्वंस मामले में कुल 32 आरोपी हैं। इनमें भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, कल्याण सिंह और उमा भारती सहित अन्य लोगों के नाम शामिल हैं।

## राजस्थान: चंबल नदी में नाव पलटने से

# 7 की मौत, 10 लापता की तलाश जारी

**जयपुर।** राजस्थान में कोटा जिले के खातौली थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह चम्बल नदी में एक नाव पलटने से एक महिला सहित सात लोगों की डूबने से मौत हो गई। नाव में करीब 50 व्यक्तियों सहित कुछ दुपहिया वाहन भी थे। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, खातौली के चम्बल ढीबरी गांव से कुछ दर्शनार्थी नाव से नदी पार बूंदी जिले में स्थित कमलेश्वर महादेव के मंदिर जा रहे थे। माना जा रहा है कि नाव पर क्षमता से अधिक वजन हो जाने से नाव का संतुलन बिगड़ने से यह हादसा हो गया।

बताया जा रहा है कि कलेक्टर एसपी मौके पर पहुंचे गए हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है और गोताखोरों की मदद से शव निकाले जा रहे हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने दुःख जताया है। वहीं लोकसभा सचिवालय कोटा जिला कार्यालय से घटना की जानकारी ले रहा है। ष्ठ॥ मंत्री शांति धारीवाल ने जिला कलेक्टर व एसपी को रेस्क्यू ऑपरेशन त्वरित रूप से चलाने का निर्देश दिया है। हादसे के बाद करीब 30 से 35 व्यक्ति स्वयं तथा ग्रामीणों की



मदद से सुरक्षित निकल गये जबकि करीब दस व्यक्ति अब भी लापता बताए जा रहे हैं जिनकी तलाश की जा रही है। अब तक सात शव निकाले जा चुके हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस घटना पर दुख जताते हुए आलाधिकारियों को लापता व्यक्तियों को जल्द तलाश करने के निर्देश दिए हैं। बताया जा रहा है कि नाव में करीब 14 बाइक भी थी जिन्हें नदी पार करवाने के लिए नाव में ही रखा था। घटना के तुरंत जानकारी मिलने के बाद आस पास मौजूद लोग ग्रामीणों को बचाने के लिए नदी पर पहुंचे। जानकारी अनुसार, यह हादसा गोठला कला के पास कमलेश्वर धाम जाते हुए हुआ।

## सुशांत सिंह राजपूत से जुड़े ड्रग्स के मामले में श्रुति मोदी से एसीबी कर रही पूछताछ, कई राज से उठ सकता है पर्दा?

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत से जुड़े ड्रग्स के मामले में उनकी पूर्व बिजनेस मैनेजर श्रुति बुधवार को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के ऑफिस पहुंचीं। एजेंसी ने उन्हें आज अपने दफ्तर में पेश होने के लिए समन जारी किया था। श्रुति से पूछताछ के दौरान एनसीबी सुशांत और रिया से जुड़े ड्रग्स केस में कई सवाल करेगी और ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि कई राज जिनको एजेंसी जानना चाहती है उनसे पर्दा उठ सकता है।

मोदी इससे पहले मुंबई में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पूछताछ के लिए पेश हो चुकी है। एनसीबी ने ईडी से प्राप्त आधिकारिक सूचना के आधार पर मामले की जांच शुरू की थी, जिसमें सुशांत सिंह राजपूत मामले के संबंध में ड्रग्स की खपत, खरीद, उपयोग और परिवहन से संबंधित कई चैट सामने आई थीं। ईडी ने 31 जुलाई को राजपूत के पिता केके सिंह द्वारा 28 जुलाई को बिहार में रिया चक्रवर्ती के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के बाद दिवंगत अभिनेता की मौत के मामले में एक एफआईआर दर्ज की थी। राजपूत 14 जून को अपने मुंबई आवास पर मृत मिले थे।

**सबूत मिटाने की आशंका पर रिया को नहीं मिली जमानत-** सुशांत सिंह राजपूत की मौत से जुड़े मादक पदार्थ मामले की जांच में जुटी एनसीबी की दलीलों पर गौर करते हुए विशेष एनडीपीएस कोर्ट ने अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती को जमानत देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि जमानत मिलने पर रिया सबूत मिटा सकती हैं और इस मामले से जुड़े अन्य लोगों को सतर्क कर सकती हैं। नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्स्टेंसेस (एनडीपीएस) कोर्ट ने कहा कि आरोपी अभिनेत्री ने इस मामले में कई अन्य नामों का खुलासा किया है जिनके खिलाफ जांच जारी है, ऐसे में अभिनेत्री रिहा होने पर मामले से जुड़े लोगों को सकर्त कर सकती हैं। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि रिया के बयान 6,7 और 8 सितंबर को दर्ज किए गए। इसके बाद उन्हें अपराध के आरोप में गिरफ्तार किया गया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जीबी गुराव ने गत 11 सितंबर को रिया की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा था कि- रिहा होने पर रिया सबूतों से छेड़छाड़ कर सकती हैं।

**दबाव की बात नहीं मानी-** एनडीपीएस कोर्ट ने कहा कि जांच अभी शुरुआती अवस्था में है। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि उन्हें जबरन बयान देने के लिए बाध्य किया गया था। कोर्ट ने इस बात पर भी गौर किया कि आरोपी अभिनेत्री के एनसीबी कार्यालय आते-जाते समय पुलिस सुरक्षा मुहैया कराई गई थी। गौरतलब है कि अभिनेत्री ने अपनी याचिका में कहा था कि एनसीबी ने दबाव डालकर उनसे जबरन बयान दिलाया था।

## विकास दुबे के गांव में अब भूत का खौफ, गांव वाले बोले- यहां भटकती हैं बदमाशों की आत्माएं

**कानपुर।** भले ही विकास दुबे दो महीने पहले एनकाउंटर में मारा जा चुका है लेकिन उसके गांव वाले अब भी उससे खौफ खाते हैं। यह बात अलग है कि इस बार वाला खौफ उसके भूत का है। जी हां, चौकिए नहीं। बिकरू गांव में अब लोग कहने लगे हैं कि जितने अपराधी मारे



गए हैं उनमें से अधिकांश का क्रियाकर्म नहीं हुआ। ऐसे में उनकी आत्माएं यहां भटकती होंगी। पत्ता भी खनकता है तो शरीर सिहर उठता है। गांव के कई बुर्जग कहते हैं उन्हें तो अब भी रात में गोलियां की आवाजें सुनाई देती हैं। कई लोगों का तो यहां तक कहना है कि उन्होंने विकास का भूत तक देखा है। विकास दुबे के गांव से खौफ, भय और दहशत नहीं गई। पहले लोग विकास के खौफ से कांपते थे और अब उसकी रूह (आत्मा) से सहमे हैं। अंधविश्वास में भयभीत ग्रामीण दिन ढलने के बाद विकास के मोहल्ले की ओर नहीं जाते। 10 जुलाई को बिकरू का विकास पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था। उसके अंत के बाद से बिकरू में सन्नाटा ही रहा। जमींदोज कोठी में जंगली जीव, पक्षियों का प्रवास है। गांव के बड़े-बुजुर्गों को दूसरे तरह की दहशत सता रही है। विकास के खिलाफ अब भी खुलकर कोई कुछ बोलता नहीं। कुछ बुजुर्ग जरूर कहते हैं कि गांव में कई अकाल मौतें हुई हैं। किसी का कर्मकांड नहीं हुआ। सबकी आत्माएं भटक रही होंगी। कर्मकांड तो होना ही चाहिए। क्रिया कर्म नहीं होगा तो उनकी आत्माएं तो भटकेंगी ही।

**खंडहर में पत्ता भी खनकता तो कांप जाते-** आलम यह है कि शाम 7 बजे के बाद विकास के मोहल्ले की ओर कोई नहीं जाता। कुत्ते, बिल्ली की धमाचौकड़ी होती है तो लोग किसी अनजान साए से भयभीत हो जाते हैं। विकास की खंडहर कोठी में पत्ता भी हिलता है तो लोगों की रूह कांप उठती है। ऐसा गांव के लोग कहते हैं। विकास के घर के सामने ही 8 पुलिसकर्मियों की हत्या की गई थी। उसके घर के आसपास रहने वाले ही मुठभेड़ में मारे गए। इस नाते दिन ढलने के बाद कोई नहीं जाता।

### भारत के कितने मछुआरे और नावें पाकिस्तान के कब्जे में? संसद में बीजेपी सांसद ने बताया

**नई दिल्ली।** कोरोना काल में 14 सितंबर से शुरू हुआ मॉनसून सत्र बुधवार को भी जारी है। संसद का आज तीसरा दिन है। दोपहर तीन बजे के लोकसभा की कार्यवाही चल रही है। इससे पहले राज्यसभा की कार्यवाही सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक चली और फिर बाद में गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। उम्मीद की जा रही है कि सदन में आज कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हो सकती है। इससे पहले बुधवार को राजनाथ सिंह ने संसद में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन के साथ तनाव को लेकर बयान दिया।इसके अलावा, किसानों से जुड़े तीन अध्यादेशों को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। भारतीय किसान यूनियन से बड़ी संख्या में जुड़े किसान अध्यादेश के खिलाफ बुधवार को संसद के बाहर धरना प्रदर्शन करने कर सकते हैं।

## लद्दाख में भारत-चीन के बीच चरम पर तनाव

# बीते 20 दिनों में 3 बार हुई है फायरिंग

**नई दिल्ली।** लद्दाख में भारत-चीन के बीच सीमा विवाद में महीनों बीत जाने के बाद भी कोई कमी नहीं आई है। चार दशक से भी ज्यादा समय बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पिछले दिनों गोलीबारी हुई। अब सामने आया है कि भारत-चीन के बीच सीमा विवाद को लेकर पिछले 20 दिनों में कम से कम तीन बार फायरिंग की घटना हो चुकी है। सैन्य सूत्रों के अनुसार, सबसे पहली घटना तब घटी जब दक्षिणी पैंगोंग की ऊंचाई वाली चोटी पर कब्जा करने की चीन ने कोशिश की। इस दौरान, भारत ने चीन के सैनिकों को वापस खदेड़ते हुए उनकी चाल को नाकाम कर दिया। यह घटना 29-31 अगस्त के बीच हुई। इसके बाद दूसरी घटना सात सितंबर की है, जोकि मुखपारी की चोटियों पर घटी थी। सूत्रों ने आगे बताया कि तीसरी घटना आठ सितंबर को पैंगोंग झील के उत्तरी किनारे पर हुई थी। इस दौरान, दोनों ही पक्षों के जवानों ने 100 राउंड से ज्यादा फायरिंग की थी। यह गोलीबारी इसलिए हुई क्योंकि चीनी पक्ष काफी आक्रामकता दिखा रहा था। इन सभी फायरिंग की घटनाओं के बाद, भारत और चीन के विदेश मंत्रियों (एस. जयशंकर और वांग यी) के बीच रूस के मॉस्को में शंघाई सहयोग संगठन से इतर बैठक हुई थी।

## तीनों बिल किसानों के पक्ष में, कांग्रेस का काम है राजनीति करना: जेपी नड्डा

**नई दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को कहा कि किसानों से संबंधित जिन तीन विधेयकों को केंद्र सरकार संसद में लेकर आई है वे बहुत ही क्रांतिकारी हैं, जमीनी स्तर पर परिवर्तन लाने वाले हैं और किसानों की तस्वीर बदलने वाले हैं और तीनों विधेयकों का कांग्रेस का विरोध उसके दोहरे चरित्र को उजागर करता है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार संसद के मौजूदा मानसून सत्र में किसानों से संबंधित कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सुविधा प्रदान करना) विधेयक, 2020, कृषक (सशक्तिकरण और संरक्षण) मूल्य आश्वासन और कृषि सेवा पर करार विधेयक और आवश्यक वस्तु (संशोधन) विधेयक, 2020 लेकर आई है। आवश्यक वस्तु (संशोधन) विधेयक मंगलवार को लोकसभा से पारित हो गया। नड्डा ने भाजपा मुख्यालय में आयोजित



एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दावा किया कि ये तीनों विधेयक बहुत दूरदृष्टि रखते हैं और कृषि क्षेत्र में निवेश को बढ़ाने में ये तीनों बिल बहुत महत्वपूर्ण और लाभकारी हैं तथा किसानों के उत्पाद का दाम बहुत तीव्र गति से आगे बढ़ाने वाले साबित होंगे। उन्होंने कहा, तीनों ही विधेयक किसानों को नई आजाद हवा देने का काम करेंगे। इसके बाद किसान को आजादी होगी अपना उत्पाद बेचने की। यह तीनों विधेयक बहुत ही क्रांतिकारी हैं और जमीनी स्तर पर परिवर्तन लाने वाले हैं। इससे किसानों की तस्वीर बदलेगी, तकदीर बदलेगी, उनके हालात में मूलभूत परिवर्तन होगा। उत्पाद का उसका उचित मूल्य मिलेगा। नड्डा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस आज इन विधेयकों का विरोध कर रही है जबकि चुनावों में किसानों को लुभाने के लिए वह इसी प्रकार के वादों को अपने घोषणा पत्र का हिस्सा बनाती है।


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका, ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल, पोर्टल, एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक, 404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव, गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478, 7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

# नबांगत नगर पालिका सीएमओ ने दिये कड़े निर्देश लापरवाही कतई बर्दास्त नहीं की जावेगी: रामनिबाश शर्मा



अम्बाह...नगर पालिका सीएमओ रामनिबाश शर्मा के आते ही शहर मे सफाई कर्मियो मे भगदड मच हुई है क्यो कि सीएमओ रामनिबाश शर्मा सुबह 5 बजे ही स्बंम शहर का पैदल भ्रमण करते है उनका सफाई के प्रति हमेंशा फोकस रहा है में हू कबाडी स्वचछता मिशन के दौरान अम्बाह नगर पालिका प्रथम पायदान पर रही है उस समय भी सीएमओ रामनिबाश शर्मा ही थे आज टेकचंन्द स्कूल के सामने पार्क में सफाई सही न मिलने से उन्होने सफाई दरोगा को फटकार लगाई कहा में कुछ नही जानता मुझे पार्क के आस पास गन्दगी व वासियो में घास नही मिलनी चाहिये पार्क के अन्दर चार आदमी काम कर रहै है इनके बारे मे अब तक कराबे अन्यथा आपके खिलाफ कारबाही निश्चित समझे और शर्मा जी ने पार्क मे अन्दर घूम कर पार्क में घूमने बालो को आश्वासन दिया कि पार्क मे जो जो अब्यबस्था है उसे जल्द से जल्द सही कराने की कोशिश करूगा सफाई के प्रति अगर आपको शहर में कही भी गडबडी दिखे मुझे अबश्य अबगत कराबे उसे दूर करने जरूर कौशिस करूगा...

## मिहोना नगर की समस्याओं को लेकर बसपा सौपेंगी ज्ञापन

**लहार( अर्पित गुप्ता)।** बहुजन समाज पार्टी के जिला सचिव एवं विधानसभा प्रभारी डॉ विनोद तिवारी के निज निवास पर विधानसभा कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई जिसमें निर्णय लिया गया कि कल 17 सितंबर को दोपहर 12 बजे मिहोना नगर में ब्याप्त समस्याओं को लेकर मिहोना तहसील में तहसीलदार को ज्ञापन सौपा जावेगा,मिहोना तहसील में आवास प्राप्त ब्यक्तियो को निर्माण कार्य हेतु बकाया राशि का भुगतान न होना,दलित बस्ती वार्ड 4 और 5 में साफ सफाई न होना,सभी वार्डो में पेयजल की आपूर्ति न होना आदि समस्याओं को लेकर बहुजन समाज पार्टी के नेतृत्व में जिला उपाध्यक्ष श्याम सिंह कुशवाह,विधानसभा अध्यक्ष महाराज सिंह दोहरे की अध्यक्षता में ज्ञापन सौपा जावेगा,बैठक में एड.दिनेश दोहरे विधानसभा उपाध्यक्ष,सीपी कनेरिया महासचिव,धनसिंह राठौर कोषाध्यक्ष,शिवचरण कुशवाह,रमेश फौजी, रूपसिंह बौद्ध आदि उपस्थित रहे।।



# जन अभियान के तहत सुंदरबनी में लगाया गया शिविर

**पुष्पांजली टुडे न्यूज़**

सुंदरबनी जिला राजौरी के उपजिला सुंदरबनी में जन अभियान के तहत बॉयस हाई सेकेंडरी स्कूल सुंदरबनी में जन अभियान के तहत शिविर लगाया गया। इस मौके पर एडीएम सुंदरबनी विनोद कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए और कहा कि लोगों को ज्यादा से ज्यादा योजनाओं की जानकारी दी जाए ताकि लोग इसका लाभ प्राप्त कर सकें। तहसीलदार सुंदरबनी और तहसीलदार बैरीपत्तन ने शिविर में सैकड़ों के हिसाब डोमिसाइल प्रमाण पत्र वितरित किए। तहसीलदार सुंदरबनी ने स्थानीय लोगों को कहा कि वह किसी भी समय तहसील विभाग में आकर निर्धारित समय पर काम कर वा सकते हैं एडीएम सुंदरबनी स्थानीय लोगों को हर सुविधा की जानकारी दी और सभी विभागों से लोगों को अवगत करवाया। उन्होंने कहा दो सप्ताह बुधवार को फिर शिविर लगाए जाएंगे और लोगों की सहूलियत के लिए मौके पर ही काम किए जाएंगे। स्थानीय लोगों ने सभी डिपार्टमेंट के अधिकारियों से योजनाओं के बारे में जानकारी ली और कुछ काम भी करवाए इसके साथ-साथ पुलिस प्रशासन के लोग भी मौजूद रहे और उन्हें कोविड-19 के चलते लोगों को सोशल डिस्टेंस और मास्क पहनने की हिदायत भी दी। एडीएम ने कहा कि हर कार्यक्रम को जमीनी सतह पर किया जाएगा और इन्हें पूर्ण करने के लिए हर प्रयास किया जाएगा ताकि लोगों को किसी भी किस्म की परेशानी का सामना ना करना पड़े।

# अम्बाह महाराष्ट्र में पूर्व नेवी आफीसर मदन शर्मा पर हुए हमले में महाराष्ट्र सरकार से न्याय हेतु तहसीलदार को दिया ज्ञापन...

**रिपोर्टर राधा तोमर अम्बाह**

**अम्बाह मुरैना।** आज दिनांक 16-09-20 को चंबल सम्भाग भूतपूर्व सैनिकों गुप अम्बाह के द्वारा राज्यपाल के नाम से ज्ञापन अम्बाह तहसीलदार सर्वेश यादव को दिया मध्य प्रदेश के महामहिम राज्यपाल आनंनदी बेन पटेल से हमारे चम्बल सम्भाग भूतपूर्व सैनिक ग्रुप अम्बाह का निवेदन है कि महाराष्ट्र में हुए पुर्व नेवी आफीसर मदन शर्मा को शिवसेना के गुंडों के द्वारा जान से मारने की धमकी दी तथा 62 वर्षीय (सिनियर सिटीजन) को महाराष्ट्र सरकार के गुंडों ने मार पीट की यह कार्य वाही बहुत ही निन्दनीय हैं तथा इसको महाराष्ट्र सरकार ने सही तरीके से सज्ञान में नहीं लिया।

महाराष्ट्र सरकार ने पुलिस प्रशासन पर दबाव बनाकर शिवसैनिकों पर कमजोर धाराएं लगा कर वा ष्थ्1द्वस्त्र - 19 का हवाला देकर छोड दिया गया। पुर्व नेवी आफीसर मदन शर्मा को घर जाकर बाहर बुलाकर मारपीट कि जिससे उनको गम्भीर चोटे आई तथा आँख में चोट आई यह उन पर जान लेवा हमला हुआ इसमें महाराष्ट्र सरकार के पुलिस प्रशासन ने सही धाराएं न लगाते हुए गलत धाराओं का प्रयोग किया। जो सैनिक देश की रक्षा करता है उसके साथ इस प्रकार मारपीट व गलत व्यवहार करना शिवसैनिकों के लिए निन्दनिय है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे द्वारा इस मामले को सही तरीके से सज्ञान में नहीं लिया गया है। आज पुरा भारत देख रहा है कि पुर्व सैनिक पर किस प्रकार शिवसेना के गुंडों के द्वारा हमला किया गया जिसके कारण देश के पुर्व सैनिक व जनता आक्रोश में हैं। हम भूतपूर्व सैनिक महामहिम राज्यपाल जी से निवेदन करते हैं कि पुर्व नेवी आफीसर ने ऐसा कौनसे देशद्रोह की कार्य वाही कि जिसकी उसे यह सजा मिली है हम सभी चाहते हैं कि हमारे 62 वर्षीय पुर्व नेवी आफीसर मदन शर्मा को न्याय मिले ताकि फिर ऐसी कोई घटना किसी भी सैनिक व पुर्व सैनिक के साथ ना हो। एक सैनिक अपना परिवार व पूरे जीवन को त्याग कर राष्ट्र को समर्पित कर देता हैं जिसके कारण सैनिक व पुर्व सैनिक को ठेस पहुंची है। हमें आशा ही नहीं बल्कि पूरा विश्वास है कि मध्य प्रदेश के राज्यपाल कडा एक्शन लेगें तथा एक पुर्व सैनिक को सही न्याय मिलेगा। जितेंद्र सिंह परमार , शशी भूषण शर्मा, मुन्ना सिंह तोमर, ऋषिकेश मिश्रा, बच्चू सिंह तोमर, डाल सिंह तोमर, राजकुमार सिंह तोमर, दामोदर सिंह तोमर, ओमकार सिंह तोमर, मनोज सिंह तोमर, होम सिंह तोमर, शेर सिंह गुर्जर, रन सिंह तोमर, गजेंद्र सिंह तोमर, सीताराम तोमर, दुर्जन सिंह तोमर, राजेश शर्मा।

# भाजपा के कार्यकर्तायों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**पुष्पांजली टुडे न्यूज़ जितेंद्र सिंह परमार की रिपोर्ट**

जगनेर- मण्डल में सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया भाजपा मण्डल अध्यक्ष डॉ.लवलेश कुमार ने बताया कि रेलवे स्टेशन तांतपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगनेर ओर सरेधी पर सफाई अभियान चलाया गया जिसमें विधायक महेश गोयल,जिला उपाध्यक्ष दिनेश गोयल जी ने सभी लोगो को सफाई करने के लिए जागरूक किया इस मौके पर प्रदीप गोयल, पंकज शर्मा, देवी सिंह, रामनिवास शर्मा, विनोद परमार, कृष्णा सिंह, रामवीर शर्मा, अली, संदीप परमार, आदित्य,



संतोष माहौर, अमित बिन्दल,उ स्मान विशाल, सोनू, आदि मौजूद रहे।

# हरियाली के साथ सौन्दर्यकरण हो सीरवी

**प्रेस नारायणलाल सैणचा**

बिलाडा ~पर्यावरण संजीवनी संस्थान के तहत भावी ग्राम का कार्यालय में सौन्दर्यकरण के पोधे कगकर इस कार्यक्रम की शुरुवात भावी ग्राम पंचायत सरपंच सुराराम



सौन्दर्यकरण होगा।

राजस्थान में हरियाली क्रांति की बढ़ावा देने वाली पर्यावरण संजीवनी संस्थान का पौधरोपण के साथ भावी ग्राम पंचायत एवं अन्य सरकारी सीरवी एवं संस्था के सरक्षक कांनाराम पितावत के हाथों से श्री वासुदेव मुनि गोशाला के मुख्य गेट पर लगाकर इस कार्यक्रम की शुरुवात की सरपंच सुराराम सीरवी ने बताया कि छायादार पोधे के साथ साथ सौन्दर्यकरण वाले पोधे भी लगाए जाने चाहिए

इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष गोविंद सीरवी ने बताया कि राजस्थान में पौधरोपण के साथ साथ सरकारी कार्यालय, विद्यालय, एव गौशालाओ एव चोराये पर सौन्दर्यकरण हेतु अलग अलग वेरायटी के पोधे लगाए जाएंगे जिससे उस क्षेत्र में हरियाली के साथ रंग बिरंगे फूल भी नजर आए जिसके तहत विभिन्न प्रकार के पोधे लगाए जाएंगे

साथ ही हर पोधो की जिमेदारी दी जाएगी इस मौके पर सरपंच सुराराम सीरवी,संस्था के सरक्षक कानाराम पितावत,अध्यक्ष गोविंद सीरवी, दिनेश आगलेचा,पेमाराम ढाका, छात्रप्रतिन्धी देवेंद्र चौधरी,अजय खिंची, विशाल खिंची,राजू जाट,लक्ष्मण बंजारा, सुनील माली, संपत माली, सहित कई जने मोके पर मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत अपात्र कृषक प्राप्त किस्तों की धनराशि भारत सरकार के पोर्टल पर करें जमा

**पुष्पांजली टुडे**

**देवरिया ।** उप कृषि निदेशक डा0ए0के0मिश्र ने बताया है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत ऐसे अपात्र कृषक जो इसी योजना का लाभ ले रहे है, वे अपना भुगतान रोकवाने हेतु आवेदन पत्र कृषि कार्यालय में जमा कर दें और उसका बाद प्राप्त किस्तों की धनराशि भारत सरकार के पोर्टल पर आनलाईन जमा कर उसकी एक प्रति मेरे कार्यालय में जमा कर दें। श्री मिश्र ने बताया कि भूमिहीन/सरकारी सेवक (समूह-घ को छोडकर), पेशेवर व्यक्ति/आयकर दाता/भुतपूर्व अथवा वर्तमान संवैधानिक पदधारक/मंत्री/राज्यमंत्री/पेंशनर, जिनकी पेंशन रुपये 10 हजार प्रति माह से अधिक है, वे इस योजना के तहत अपात्र है। ऐसे लोग जो इस योजना का लाभ ले रहे है, वे भुगतान रुकवाने हेतु अवश्य ही आवेदन पत्र जमा करे दें। उन्होने यह भी बताया कि कोई भी अपात्र कृषक अपनी धनराशि स्वयं जमा कर सकता है, अथवा कृषि विभाग में न्याय पंचायत स्तर पर कार्यरत ए.टी.एम./बी.टी.एम. एवं प्राविधिक सहायक वर्ग-3 विकास खण्ड स्तर पर स्थित प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार/सी0एस0सी0 से सहायता ले सकते है। यदि किसी प्रकार का कोई दिक्कत हो तो इसके लिये मेरे कार्यालय में कार्यरत प्रमोद कुमार गिरी प्रधान सहायक से सम्पर्क कर सहयोग प्राप्त कर सकते है, अन्यथा की स्थिति में भूराजस्व की भांति वसूली की कार्यवाही की जायेगी।

# अवैध तमंचाधारी को असवार पुलिस ने पकड़ा

## थाना प्रभारी असवार रतिराम गुर्जर की कार्यवाही

**असवार( अर्पित गुप्ता)**

पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव कंचन के मार्गदर्शन में एबम लहार एस.डी.ओ.पी दिनेश सिंह बैश्य के निर्देशन में चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान के तहत थाना प्रभारी असवार रतिराम गुर्जर ने एक 315 तमंचाधारी को मुखबिर की सूचना पर धर दबोचा। थाना प्रभारी रतिराम गुर्जर से मिली जानकारी के अनुसार बताया गया कि असवार पुलिस अपने डेली रूटीन के तहत क्षेत्र में गश्त पर थी, उसी दौरान मुखबिर के जरिये सूचना मिली कि एक युवक बारदात की नीयत से सहकारी बैंक के पास खड़ा है मुखबिर की सूचना की तुरंत तस्तीक की गई और पुलिस जैसे ही मुखबिर के बताए स्थान पर पहुँची तो पुलिस को देखकर आरोपी ने भागने की कोशिश की पर पुलिस की घेराबंदी के



चलते भागने में नाकामयाब रहा और पकड़ा गया जिसने पूंछतांछ में अपना नाम रवि पुत्र कप्तान सिंह उम्र 27 बर्ष निबासी बडेरा खोड थाना अमायन का होना बताया उक्त आरोपी की तलाशी ली गई तो उसके कमर में एक 315 बोर का कट्टा छिपा हुआ मिला। आरोपी के विरूद्ध धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारम्भ कर दी है। उक्त आरोपी को दबोचने में असवार थाना प्रभारी रतिराम गुर्जर की टीम में ए.एस.आई पी.एन कौरव,मनोज दीवान जी,आरक्षक इंद्रपाल एबम जगदीश की सराहनीय भूमिका रही।

# रोज होती है कार्यबाहियां फिर भी रेत माफिया सक्रिय

## नदी बचाव यात्रा खत्म होते ही क्षेत्र में अबैध रेत उत्तखनन शुरू,जिम्मेदारों ने साधी चुप्पी

**लहार( अर्पित गुप्ता)**

लहार थाना क्षेत्र में एस.डी.ओ.पी दिनेश सिंह बैश्य एबम थाना प्रभारी उपेंद्र छारी के निर्देशन में उपनिरीक्षक सत्येंद्र सिंह कुशवाह एबम उनकी टीम द्वारा अबैध उत्तखनन कर रहे ट्रैक्टरों पर रोज कारीबहियां की जा रही है फिर भी क्षेत्र में अबैध रेतमाफ़िया सक्रीय नजर आ रहे है लहार थाना पुलिस की तमाम कोशिशों के बाबजूद भी अबैध रेत उत्तखनन पर लगाम लगाना मुश्किल सा लगने लगा है।

### नदी बचाव यात्रा खत्म अबैध रेत उत्तखनन शुरू

मध्यप्रदेश सरकार के कद्दावर नेता पूर्व मंत्री एबम लहार बिधायक डॉक्टर गोविंद सिंह ने 5 सितंबर से 11 सितंबर तक नदी बचाव यात्रा का आगाज किया था पर जैसे ही नदी बचाव यात्रा का समापन किया गया वैसे ही क्षेत्र की अजनार खदान पर बड़ी ही दमदारी से अबैध रेत का कारोबार फिर से शुरू कर दिया गया और रेतमाफ़ियाओ द्वारा नदी बचाव यात्रा को पलीता लगाया जा रहा है।

### आखिर जिम्मेदारों ने क्यों साध रखी है चुप्पी..?

लहार क्षेत्र में तमाम प्रयासों के बाद भी अबैध रेत उत्तखनन पर रोक लगने का नाम नही ले रहा है और जो जिम्मेदार रेत उत्तखनन के खिलाफ लगातार भाषण बाजी ओर धरना प्रदर्शन में लगे हुए थे उन्होंने अब चुप्पी साध रखी है ऐसा क्यो हो रहा है ये अभी तक खुलकर सामने नही आया है पर सूत्र बताते है कि लक्ष्मी जी के आगे सब नतमस्तक नजर आते है अब देखना ये है की रेतमाफ़ियाओं पर नकेल कसी जाती है या फिर यूं ही उनका जलबा कायम रहेगा।

# सेवड़ा विधायक घनश्याम सिंह की शिकायत पर 14 माह बाद दर्ज हुई एफआईआर

## फर्जी हस्ताक्षर से विधानसभा में ध्यानाकर्षण लगाने का मामला

**भोपाल( अर्पित गुप्ता)।** मध्य प्रदेश विधानसभा में सेवड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक घनश्याम सिंह की शिकायत पर 14 माह बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है द्य जब यह मामला सेवड़ा विधायक घनश्याम सिंह के फर्जी हस्ताक्षर द्वारा विधानसभा में प्रश्न लगाने से जुड़ा हुआ है द्य इसके पहले विधान सभा सचिवालय भी अपने स्तर से जांच करवा चुका है लेकिन



जालसाज व्यक्ति का नाम पता लगाने में नाकाम रहा द्य दतिया जिले में सेवड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक घनश्याम सिंह के नाम से किसी अज्ञात व्यक्ति ने विधानसभा में ध्यानाकर्षण लगाया था द्य यह दतिया की एक शासकीय की भूमि से संबंधित था द्य जानकारी तैयार करने वाले विभागीय अधिकारियों को प्रश्न में इस्तेमाल की गई भाषा संसदीय गरिमा की विपरीत थी द्य क्योंकि यह विदेशपूर्ण और व्यक्ति के सम्मान के खिलाफ थी द्य बाद में विषय विधायक घनश्याम सिंह के संज्ञान में लाया गया द्य फर्जी हस्ताक्षर से विधानसभा में प्रश्न लगाने से जुड़ा यह मामला संज्ञान में आते ही इसकी शिकायत विधानसभा अध्यक्ष और प्रमुख सचिव से की गई द्य विधानसभा में इसे गंभीरता से लेते हुए जांच भी कराई गई द्य लेकिन बीते 14 महीनों के बाद भी पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई द्य विधायक घनश्याम सिंह की शिकायत पर सचिवालय ने मामला पुलिस को सौंप हुए अज्ञात के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करवाया है।

# दो बाइक सवार आपस में टकराये

**भिंड, गोहद>** घटना मंगलवार शाम 7~00 बजे की है दिलीप सिंह पिता रामस्वरूप गुर्जर उम्र 42 साल निवासी रतनपुरा थाना अटेर अपनी निजी मोटरसाइकिल से ग्वालियर से वापस अपने निज ग्राम जा रहे थे लेकिन वह जैसे ही गोहद चौराहा के पास पहुंचे ही थे कि अचानक उसी समय निशांत शर्मा पुत्र श्री शिव कुमार शर्मा उम्र 19 साल अपनी बीमार मां के लिए दवा लेने के लिए, गोहद चौराहा पर निकला, तो दोनों बाइक सवार आपस में टकरा गए जिससे दिलीप सिंह के सर एवं



हाथ पैर में काफी चोटें आई, और निशांत को भी सिर और हाथ पैरों में चोटें आई, वही पास खड़े गोहद चौराहा थाने के आरक्षक 378 अमरदीप और आरक्षक 1111 गंधर्व सिंह गुर्जर ने तत्काल तत्परता दिखाते हुए अपनी स्वयं की मोटरसाइकिलों से दोनों घायल मरीजों को स्वास्थ्य केंद्र गोहद लेकर गए जिससे उन्हें समय पर सही उपचार मिल सका, आरक्षक अमरदीप और आरक्षक गंधर्व सिंह गुर्जर के इस सराहनीय कार्य की सभी लोगों ने जमकर तारीफ की,

# जय बांग्ला से बुजुर्गों में खुशी की लहर



**ब्यूरो चीफ अमन राय**

पश्चिम बंगाल सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है.जय बंगला पेंशन योजना. पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा 1 अप्रैल 2020 को इस योजना की शुरुआत की गई है. इस योजना के तहत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति जिनका उम्र 60 वर्ष के ऊपर है उन लोगों को सरकार द्वारा पेंशन देने की योजना की शुरुआत की गई है. वही आज दुर्गापुर के 20 नंबर वार्ड अंतर्गत हैवी इंजीनियर स्कूल मैं एक शिविर का आयोजन किया गया था. जहां मुख्य रूप से उपस्थित थे दुर्गापुर के महकमा शासक अनिर्बन कोले दुर्गापुर म्युनिसिपल कारपोरेशन के सेक्रेटरी अभिजीत कुमार घोष एवं अन्य अधिकारीगण. महकमा शासक अनिर्बान कोलें ने बताया कि जय बांग्ला पेंशन योजना अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति लोगों के लिए है जिनका उम्र 60 वर्ष से ऊपर है उनके लिए यह योजना की शुरुआत की गई है. उन्होंने बताया कि ऐसे बहुत लोग हैं जो इस योजना के बारे में नहीं जानते एवं व सरकारी कार्यालय तक भी नहीं पहुंच सकते है. उनके समस्याओं को ध्यान में रखते हुए दुर्गापुर के विभिन्न वार्डों में यह शिविर का आयोजन किया जा रहा है ताकि लोग अपने घर के सामने ही शिविर में जाकर सब जरूरी दस्तावेज को जमा कर इस योजना से जुड़ सकते हैं. उन्होंने यह भी बताया कि हमारे प्रयास है कि लोग इसी महीना से इस योजना से लाभान्वित हो सके.महकमा शासक के इस प्रयास से लोगों में प्रशासन के प्रति वाहवाही देखी जा रही है.

# अन्न हर व्यक्ति का अधिकार : सभी को मिलेगा पर्याप्त राशन

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भोपाल में किया अन्न उत्सव का शुभारंभ, प्रदेश में 25 हजार 997 स्थानों पर मना अन्न उत्सव, 37 लाख नये हितग्राही जुड़े

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार रोटी, कपड़ा और मकान की बुनियादी सुविधाओं के साथ लिखाई, पढ़ाई और दवाई के समुचित प्रबंध के लिये प्रतिबद्ध है। समाज के गरीब तबके की थाली कभी खाली नहीं रहेगी। इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना के साथ प्रधानमंत्री गरीब अन्न योजना को समाहित कर जरूरतमंद वर्ग को प्रतिमाह खाद्यान्न देने की व्यवस्था की गयी। प्रदेश के सभी जिलों में नवीन हितग्राहियों को पात्रता पर्ची और राशन के पैकेट का वितरण आज किया जा रहा है। अन्न हर व्यक्ति की आवश्यकता है। प्रदेश में 37 लाख ऐसे लोगों को यह अधिकार दिया जा रहा है जिनके पास पात्रता पर्ची न होने से उन्हें राशन से वंचित होना पड़ रहा था। आज राजधानी, जिला, ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर पर हो रहे कार्यक्रम से सभी नवीन हितग्राहियों को इस महीने से प्रति सदस्य 5 किलो गेहूँ/ चावल और प्रति परिवार एक किलो आयोडाइज्ड नमक एक रूपये प्रति किलो की दर से देने की शुरूआत की जा रही है। इसके अलावा नये पुराने सभी उचित मूल्य उपभोक्ताओं को प्रधानमंत्री गरीब अन्न योजना में आगामी नवम्बर महीने तक प्रति सदस्य 5 किलो गेहूँ / चावल और एक किलो दाल निःशुल्क दी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान समन्वय भवन भोपाल में राज्यस्तरीय अन्न उत्सव का शुभारंभ कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 6 महिला हितग्राहियों सुश्री बबीता, सीमा, शोभा, सुनीता, वंदना और बादामी देवी को राशन पैकेट और पात्रता पर्ची प्रदान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह ने की। अन्न उत्सव प्रदेश के 52 जिलों के 22 हजार 549 ग्रामीण और 3 हजार 368 शहरी इस प्रकार कुल 25 हजार 997 स्थानों पर एक साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एक करोड़ 50 लाख से अधिक लोगों ने प्री-रजिस्ट्रेशन कराया।

**प्रदेश में 25 हजार 176 उचित मूल्य दुकानें संचालित हैं**–प्रदेश में प्रतिमाह 29 लाख 70 हजार क्विंटल अनाज, 1 लाख 16 हजार क्विंटल नमक, 16 हजार 400 क्विंटल शक्कर और 18 हजार 352 किलो लीटर केरोसिन उचित मूल्य दुकानों पर पहुँचाया जाता है। कोविड के समय प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना में अप्रैल माह से 27 लाख क्विंटल अनाज तथा एक लाख 17 हजार क्विंटल दाल प्रतिमाह राशन दुकानों तक पहुँचाई गयी। यह क्रम नवम्बर माह तक जारी रहेगा। कोविड के समय में देश के विभिन्न भागों से मध्यप्रदेश आएं एक लाख 9 हजार परिवारों को भी अनाज उपलब्ध कराया गया।राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत 25 श्रेणियों के हितग्राहियों को पात्रता है।

**अनाज, मकान, पढ़ाई की फीस और पीने का पानी नागरिकों का अधिकार**–मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अन्न उत्सव के शुभारंभ अवसर पर कहा कि अनाज सहित अन्य सस्ती सुविधाएँ देना किसी वर्ग पर अहसान नहीं है। यह उनका अधिकार हैं। बुद्धिमान होकर भी बहुत से बच्चे पढ़ाई से वंचित हो जाते हैं। स्कूल शिक्षा के स्तर पर उनकी फीस तो सरकार भरती ही है अब उच्च शिक्षा की फीस भी सरकार भरेगी। इसके अलावा प्रदेश की सभी गरीब जरूरतमंद बहनों को गैस चूल्हा भी मिलेगा। यह ही नहीं हर व्यक्ति को पीने का साफ पानी और सभी को पक्का मकान भी देंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में रोजगार के अधिकाधिक अवसर उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसके साथ ही शासकीय नौकरियों में भी भर्ती खुलने से युवाओं को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इस मौके पर 37 लाख नवीन उपभोक्ताओं में से 25 लाख को लाभान्वित करने के पश्चात शेष चिन्हित 12 लाख उपभोक्ताओं सहित करीब 1.66 लाख आटो रिक्शा चालकों को भी राशन देने के लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश सभी जिलों के कलेक्टरों को दिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गरीबों का अनाज हजम करने वाले लागों और कालाबाजारियों को छोड़ा नहीं जाएगा।

**प्रधानमंत्री श्री मोदी गरीबों के मसीहा, इसलिये मध्यप्रदेश में गरीब कल्याण सप्ताह मना रहे**–मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अन्न उत्सव मेरी जिंदगी की खुशी का दिन है। आज गरीबों की प्रत्यक्ष सेवा हो रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री श्री मोदी का जन्म दिन है। श्री मोदी गरीबों के मसीहा हैं। इसलिये मध्यप्रदेश सरकार श्री मोदी के जन्मदिवस पर गरीब कल्याण सप्ताह मना रहीं हैं। हम सभी इस अन्न उत्सव के शुभारंभ के शुभ अवसर पर आज ही प्रधानमंत्री श्री मोदी को बधाई देते हैं। देश को गौरवशाली, वैभवशाली और समृद्धशाली बनाने का मंतव्य रखने वाले हमारे मोदी जी योगी प्रधानमंत्री हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के साहस को देखकर देशवासी अब चीन का नाम सुनकर नहीं घबराते। भारत दुनिया की महाशक्ति है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गरीबों के लिए अदभुत कार्य किया है। उन्होंने इसी माह मध्यप्रदेश के हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास दिलवाए हैं। यही नहीं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में स्ट्रीट वेंडर्स को उनका काम धंधा ठीक से चलाने के लिये 10 हजार रूपये प्रति हितग्राही के मान से ऋण राशि दिलवाई है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिये चिंतित हैं। वन नेशन वन राशन कार्ड योजना का लाभ भी उपभोक्ताओं को दिया जा रहा हैं।

# आई.टी.आई. तृतीय चयन सूची 18 सितम्बर को होगी जारी

## 19 से 22 सितम्बर तक प्रवेश

**भोपाल।** आई.टी.आई. प्रवेश में तृतीय चयन सूची 18 सितम्बर को जारी होगी। इसमें प्रवेश प्रक्रिया 19 सितम्बर से प्रारंभ होकर 22 सितम्बर तक पूर्ण कर ली जायेगी। डीएसटी के तहत प्रवेश के लिए मेरिट सूची के आवेदकों का साक्षात्कार, चयन तथा प्रवेश की कार्यवाही 20 से 22 सितम्बर के मध्य की जायेगी। पोर्टल पर 24 सितम्बर को संस्थावार, श्रेणीवार रिक्त सीटों की जानकारी प्रदर्शित की जायेगी। रजिस्ट्रेशन एवं च्वाइस फिलिंग के लिए पोर्टल 25 सितम्बर को पुनः ओपन किया जाएगा। शैक्षणिक सत्र 2020 में आई.टी.आई. में अब तक कुल 11 हजार 390 बच्चों को प्रवेश दिया गया है। इसके तहत क्रॉस ट्रेनिंग स्किल में 11 हजार 68, इंडिस्ट्रीयल मेजमेंट समिति-201 तथा ड्यूल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग में 121 बच्चों को प्रवेश मिला है।

## राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री कुशवाह 17 सितम्बर को सीहोर जाएंगे

**भोपाल।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण स्वतंत्र प्रभार एवं नर्मदा घाटी विकास राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह 17 सितम्बर गुरुवार को सीहोर जिले के दौरे पर जाएंगे। राज्य मंत्री श्री कुशवाह 17 सितम्बर की सुबह 9.30 बजे भोपाल से सीहोर के लिए रवाना होंगे। राज्य मंत्री श्री कुशवाह सीहोर में पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक सीहोर में मुख्यमंत्री जी के वेबकास्ट कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इसी दिन दोपहर 12 बजे से दोपहर 1 बजे तक सीहोर में आयोजित विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को सामग्री वितरण और नव-निर्मित आंगनबाड़ी भवनों के लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। राज्य मंत्री श्री कुशवाह इसी दिन अपरान्ह 3 बजे सीहोर से रवाना होकर शाम को 4 बजे वापस भोपाल लौटेंगे।

# जल जीवन मिशन अन्तर्गत 16 करोड़ 42 लाख के कार्य स्वीकृत

## 50 ग्रामों में नल कलेक्शन से होगी जलापूर्ति

**भोपाल।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत अशोकनगर में 1642.13 लाख रूपये की लागत से 18 जल संरचनाओं की स्वीकृति जारी की है। अशोकनगर विकासखण्ड में 538.32 लाख रूपये की लागत के 6 कार्यों हेतु कार्यवाही प्रारम्भ की जा चुकी है। इसके साथ ही विकासखण्ड ईसागढ में 201.86 लाख रूपये की लागत के 02 कार्य, विकासखण्ड चन्देरी में 465.1 लाख रूपये की लागत के 5 कार्य तथा मुंगावली विकासखण्ड में 436.85 लाख की लागत के 5 कार्य किए जाना हैं। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिले के चारों विकासखण्ड के 50 ग्रामों में घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने के लिए चार माह में कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

## मत्स्य महासंघ की वार्षिक साधारण सभा 22 सितम्बर को

**भोपाल।**जलसंसाधन, मछुआ कल्याण और मत्स्य विकास मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश मत्स्य महासंघ की 24 वीं वार्षिक साधारण सभा की बैठक 22 सितम्बर को दोपहर 12 बजे भदभदा रोड भोपाल स्थित कार्यालय में आयोजित होगी।

# स्कूल शिक्षा मंत्री से राष्ट्रीय लाइब्रेरी फाउंडेशन के महानिदेशक ने भेंट की

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) इन्दर सिंह परमार से राष्ट्रीय राजा राममोहन राय लाइब्रेरी फाउंडेशन, कोलकता के महानिदेशक अजय प्रताप सिंह ने मंत्रालय में भेंट की। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री परमार ने कहा कि शालेय पुस्तकालयों की स्थापना में पंचायती राज संस्थाओं की सहभागिता सुनिश्चत करना है। इससे शालेय पुस्तकालयों को जन सहयोग भी प्राप्त होगा और सामुदायिक सहभागिता भी बढ़ेगी। इसके लिए प्रस्तावित पुस्तकालय अधिनियम में आवयश्यक बातें जोड़ी जा रही हैं। उन्होंने फाउंडेशन के माध्यम से पुस्तकालय स्थापना, उनका सुचारू संचालन, पूर्व से संचालित पुस्तकालयों को सुदृढ़ बनाने और व्यवस्थित करने संबंधी मुद्दो पर स्कूल शिक्षा मंत्री से चर्चा की।अजय प्रताप सिंह ने आयुक्त, लोक शिक्षण, श्रीमती जयश्री कियावत, आयुक्त, राज्य शिक्षा केंद्र, श्री लोकेश कुमार जाटव, उप सचिव श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव और के.के. द्विवेदी से भी मुलाक़ात की। उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग के मैदानी अधिकारियों, ग्रंथपाल एवं नोडल अधिकारियों से प्रस्तावित पुस्तकालय अधिनियम एवं आवश्यक संशोधनों पर विस्तृत चर्चा की । उल्लेखनीय है कि राजा राममोहन राय लायब्रेरी फाउंडेशन एक केन्द्रीय स्वायत्त संस्थान है। यह भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित है। यह देश में सार्वजनिक पुस्तकालय सेवाओं को समर्थन देने और देश में सार्वजनिक पुस्तकालयों के आन्दोलन को बढ़ावा देने के लिये समर्पित है।

# खरीफ उपार्जन वर्ष 2020-21 का पंजीयन 15 सितम्बर से

**भोपाल ।** खरीफ उपार्जन हेतु धान, ज्वार एवं बाजरा का पंजीयन 15 सितम्बर से 15 अक्टूबर तक पंजीयन केन्द्र पर शासकीय अवकाश को छोड़कर प्रतिदिन प्रातः10ः30 से 05ः30 बजे तक किया जाएगा। नियंत्रक, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, भोपाल ने किसानों भाईयों से अनुरोध किया है कि वे समय पर अपना पंजीयन करा ले। उपज विक्रय के समय समस्त संबंधित दस्तावेज साथ लाए तथा बैंक खाता अपडेट रखे तथा अपको भुगतान में सुविधा हो। धान का समर्थन मूल्य 1868 रूपये प्रति क्विटल ज्वार को 2620 तथा बाजरा का समर्थन मूल्य 2128 रूपये प्रति क्विटल निर्धारित किया गया है।

# ग्राम पंचायतों में आज से होगा पोषण के लिए विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन

**भोपाल ।** जिले भर में एक सितम्बर से पोषण माह मनाया जा रहा है। इसके तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्य विभागों के सहयोग से बच्चों तथा महिलाओं में पोषण का स्तर बढ़ाने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिले में 16 सितम्बर से 30 सितम्बर तक गरीब कल्याण पखवाड़े का भी आयोजन किया जा रहा है। इन दोनों कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए ग्राम पंचायतों में 17 सितम्बर को पोषण आधारित विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जायेगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने बताया कि जिले के ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में 17 सितम्बर को पोषण से जुड़े विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिला तथा विकासखण्ड स्तर के साथ-साथ सभी ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकाय के सभी वार्डों में भी कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इनमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा आम जनता की उपस्थिति में समेकित स्वास्थ्य तथा पोषण कार्य योजना का वाचन एवं अनुमोदन किया जायेगा। आम जनता से पोषण संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर भी कराया जायेगा। ग्राम सभाओं तथा नगरीय निकाय की बैठकों में आंगनवाड़ी केन्द्रवार अति कुपोषित बच्चों की सूची साझा की जायेगी। इन बच्चों को ग्रामीण विकास विभाग के सहयोग से मीठा सुगंधित दूध का वितरण कराया जायेगा। आंगनवाड़ी केन्द्रों में उद्यानिकी विभाग के सहयोग से पोषण वाटिका के विकास तथा अन्य विभागों के सहयोग से कुपोषित बच्चों की स्थिति में सुधार के लिए विभिन्न कार्यक्रम तैयार कर उन्हें क्रियान्वित किया जायेगा।

# मंत्री श्री सिंह शनिवार को प्रस्थान कर रविवार की सुबह भोपाल पहुचेंगे

**संस्कृति मंत्री सुश्री ठाकुर द्वारा कला मर्मज्ञ डॉ. कपिला वात्स्यायन के निधन पर शोक व्यक्त**

**भोपाल।** संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने पद्मविभूषण पूर्व राज्यसभा सदस्य और देश के शीर्ष कला संस्थानों को नये आयाम प्रदान करने वाली डॉ. कपिला वात्स्यायन के निधन पर गहन दुःख व्यक्त किया है। सुश्री ठाकुर ने अपने संदेश में कहा कि स्व. डॉ वात्स्यायन इतिहासकार होने के साथ ही परम विदुषी महिला थीं। उन्होंने भारतीय नाट्य शास्त्र और पारम्परिक कला पर न केवल गंभीर पुस्तकें लिखीं बल्कि वह भरत नाट्यम, ओडिसी, कथक और मणिपुरी नृत्य विधा में भी पारंगत थीं। हिन्दी के मूर्धन्य साहित्यकार स्व. सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन की पत्नी डॉ. कपिला ने वर्ष 1948 में अंग्रेजी में स्नातकोत्तर किया था। इंडिया इन्टरनेशनल सेन्टर की आजीवन न्यासी डॉ. कपिला भारतीय नृत्य अनुसंधानों के लिये चलता-फिरता एनसाइक्लोपीडिया थीं। भारतीय कला जगत में वह चिरस्मरणीय रहेंगी।

## खाद्य मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह अनूपपुर प्रवास पर

**भोपाल।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह आज अनूपपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। अनूपपुर में गुरूवार को श्री सिंह गरीब कल्याण सप्ताह कार्यक्रम में आँगनवाड़ी केन्द्रों में दुग्ध वितरण तथा लाड़ली लक्ष्मी योजना के अन्तर्गत छात्रवृत्ति वितरित करेंगे। शुक्रवार को अनूपपुर के फुनगा में किसानों को सिंगल-क्लिक से बीमा राशि का वितरण करेंगे। शनिवार को खूंटाटोला में वन अधिकार अधिनियम के तहत पट्टे वितरण कार्यक्रम में वनवासियों को पट्टे वितरित करेंगे।

## वृत्तिकर जमा करने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर

**भोपाल ।** मध्यप्रदेश वृत्तिकर संशोधन अधिनियम 2018 के अंतर्गत वर्ष 2020-21 के लिये वृत्तिकर जमा करने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2020 है। जिला वाणिज्यकर अधिकारी ने बताया है कि जीएसटी में पंजीयत व्यवसाई, निजी विद्यालय/महाविद्यालय, कम्प्यूटर सेंटर, चिकित्सक, चिकित्सा व्यवसायी, सीए, वकील, बीमा अभिकर्ता, बीमा कम्पनी, फाईनेंस बैंक/कम्पनी, मदिरा दुकान संचालक, चिटफण्ड संचालित वाली संस्थायें या व्यक्ति, सहकारी सोसाईटी, ट्रांसपोर्टर, कोचिंग संस्थान, निजी चिकित्सालय, निजी जीएनएम, लेबटेक्नीशीयन, फर्मासिस्ट, एक्सरे ट्रेनिंग सेंटर, जिमसेंटर, धर्मकाटा, होटल, लॉज, विवाह मंडप, टेंट शामयाना, केवल ऑपरेटर, वीडियो पार्लर, ब्यूटी पार्लर, फाइनेंस कम्पनी, क्लीनिक, लैब पेथोलॉजी, नर्सिंग होम, क्योस्क सेंटर, फैशन डिजाईनर, बुटीक आदि उक्त तिथि तक अनिवार्यतः वृत्तिकर जमा करायें जिससे बिलंब से लगने वाली शास्ति व वसूली की कार्यवाही से बचा जा सके।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र फंदा को 50 हजार का कायाकल्प अवार्ड मिला

**भोपाल ।** कायाकल्प अभियान के अंतर्गत भोपाल के फंदा ब्लाक के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को 50 हजार रूपये का अवार्ड दिया गया है। कायाकल्प अभियान में स्वास्थ्य केन्द्र को बेहतर बनाने और मरीजों के लिये स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने पर यह अवार्ड दिया गया है। कलेक्टर श्री अविनाश लवानिया ने सीएमएचों और बीएमओं को स्वास्थ्य केन्द्र को साफ-सुथरा बनाने और अन्य सुविधायें उपलब्ध कराने के निर्देश दिये थे। जिसके पालन में संस्था प्रभारी डॉ. आर. कुमार ने बेहतर प्रयास कर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र फंदा में कायाकल्प अभियान चलाया, निरीक्षण टीम द्वारा फंदा केन्द्र का नाम अवार्ड हेतु भेजा गया था।

## दामिनी मोबाइल एप से आकाशीय बिजली से बचाव संभव

**भोपाल ।** कृषि विज्ञान केन्द्र के विशेषज्ञों ने किसानो के साथ-साथ आमजनों को भी अपने मोबाईल में दामिनी एप डाउनलोड करने की सलाह दी है। जिससे मौसम में एकाएक होने वाले बदलाव से गिरने वाली बिजली से वे बच सके। कृषि विज्ञान केन्द्र वैज्ञानिकों तथा मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि मौसम विज्ञान विभाग द्वारा विकसित किया गया दामिनी एप आकाशीय बिजली का सटीक पूर्वनुमान देता है। आकाशीय बिजली को रोका नहीं जा सकता है, परंतु जागरूकता अभियान के माध्यम से सतर्क कर लोगों की जाने बचाई जा सकती है। इस मोबाईल एप को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अंतर्गत संचालित भारतीय उष्णदेशीय विज्ञान संस्थान द्वारा बनाया गया है। इस एप की मदद से बिजली गिरने के 30 से 40 मिनट पहले ही चेतावनी मोबाइल पर प्राप्त हो जाएगी एवं अपने स्थान से 40 किलोमीटर की दूरी तक के क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने की जानकारी देता है।

# आज वर्ल्ड पेशेंट सेफ्टी डे मनाया जायेगा

**भोपाल।** भारत सरकार से प्राप्त निर्देशानुसार सभी जिलों में 17 सितम्बर को वर्ल्ड पेशेंट सेफ्टी डे मनाया जायेगा। अपर मिशन संचालक डॉ. सलोनी सिडाना एन.आर.एच.एम. ने सभी जिला स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश जारी किए हैं। इस दिन वेबीनार आयोजित किया जायेगा। सभी डाक्टर और मेडिकल स्टाफ मरीजों की बेहतर देखभाल की शपथ लेंगे। वर्ल्ड पेशेंट सेफ्टी डे आयोजित किए जाने के संबंध में भारत सरकार से प्राप्त निर्देशानुसार इस वर्ष वर्ल्ड पेशेंट सेफ्टी डे कोविड-19 को देखते हुए हेल्थ वर्कर सेफ्टी रेटिंग फॉर पेशेंट सेफ्टी में मनाया जाना सुनिश्चित किया गया है।

स्वास्थ्य संस्था में पेशेंट सेफ्टी या इनफेक्शन कंट्रोल नोडल/चैंपियन को सम्मान पत्र प्रदान करें। पेशेंट सेफ्टी की कार्यशाला आयोजित करें तथा संस्था में आवेयनेस बनने हेतु पोस्टर कंपटीशन, रंगोली, स्पीच आदि प्रतियोगिताओं का सोशल डिस्टेंसिंग के साथ आयोजन करें। उत्कृष्ट पोस्टर एवं रंगोली को अच्छे क्वालिटी कैमरे से फोटो खींचकर अस्पताल का नाम, जिले का नाम, राज्य का नाम, लिखकर तथा राज्य क्वालिटी एश्योरेंस शाखा की ई-मेल में भेजें। भारत सरकार द्वारा उत्कृष्ट पोस्टर एवं रंगोली को अवार्ड प्रदान किया जाएगा। स्वास्थ्य संस्था में पेशेंट सेफ्टी डे भारत सरकार द्वारा प्रदान की गई थी में आयोजित करने तथा समुचित डॉक्यूमेंट रखने पर संस्था को कायाकल्प मापदंड के क्राइटेरिया में पूर्ण मार्क्स दिए जा सकते है।

# प्रधानमंत्री आवास से अपना आशियाना पाकर श्री सेन का सपना हुआ साकार

**भोपाल ।** हर कोई खुद के आशियानें में रहने का सपना संजोये रखता है। ऐसा ही लोगों का सपना प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना से पूरा हुआ है, जहां एक ओर इन्हें अपने पक्के मकान मिलने की खुशी मिली वहा दूसरी ओर उन्हें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कराये गये वर्चुअल गृह प्रवेश से इनकी खुशी दोगुनी हो गई है। इस योजना के अंतर्गत भोपाल जनपद पंचायत बैरसिया की ग्राम पंचायत मेंगराकलां के श्री रघुवीर सेन पिता श्री किशनलाल सेन अपने परिवार की मिले पक्के आशियाने से प्रसन्न हैं आखिर उनका सपना साकार जो हुआ है। भोपाल जिले के बैरसिया विकासखण्ड के ग्राम मेंगराकलां के रहने वाले श्री रघुवीर सेन ने भी अपने पक्के घर होने की वर्षो से आस लगाई थी उनकी यह आस प्रधानमंत्री आवास योजना से पूरी हुई है। वे बताते है कि वर्ष 2019-20 में प्रधानमंत्री आवास के लिये जनपद पंचायत बैरसिया में ऑनलाइन आवेदन कर अपना पंजीयन कराया था। जिसके बाद प्रधानमंत्री आवास में अपना नाम देख खुशी दोगुनी हो गई। श्री सेन अपने परिवार के साथ खेती करते हैं और वही उनकी आजीविका का एक मात्र साधन है। श्री सेन ने कहा कि अपने प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) योजनान्तर्गत घर का सपना सच होता देख पूरे परिवार के चेहरे पर एक अलग ही खुशी देखने को मिली। वे मुख्यमंत्री श्री चौहान और मध्यप्रदेश सरकार का ह्रदय से आभार व्यक्त करते हैं।

# एन.आर.आई. सीटों की काउंसलिंग आज

**भोपाल ।** शैक्षणिक सत्र 2020-21 के लिए अनिवासी भारतीय (एन.आर.आई) अभ्यार्थियों के लिए बी.टेक, बी.आर्ट तथा बी.प्लानिंग के पाठ्यक्रम की काउंसलिंग 17 सितम्बर को निर्धारित है। अभ्यार्थियों को काउंसलिंग के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 9 सितम्बर 2020 से प्रारंभ है। काउंसलिंग के लिए एन.आर.आई. छात्रों को स्वयं उपस्थित रहकर सभी दस्तावेजों का सत्यापन कराना होगा। विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## बीमा योजना में आवेदन की तिथि बढ़ी - अब 25 सितम्बर तक जमा हो सकेंगे आवेदन

**भोपाल ।** पत्रकार स्वास्थ्य एवं दुर्घटना समूह बीमा योजना में आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 25 सितम्बर, 2020 किया गया है। पूर्व में आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 सितम्बर थी। पत्रकार बीमा योजना प्रीमियम की दरें वर्ष 2018-19 की ही लागू होंगी। मध्यप्रदेश के पत्रकार, फोटोग्राफर एवं कैमरामेन के स्वास्थ्य एवं दुर्घटना समूह बीमा योजना के आवेदन अब 25 सितम्बर, 2020 तक जमा किये जा सकेंगे। प्रीमियम की दरें वर्ष 2018-19 की ही लागू होंगी। वर्ष 2018-19 की प्रीमियम दरों की टेबल जनसम्पर्क की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस वर्ष जिन पत्रकारों ने अधिक प्रीमियम दिया है, उन्हें बढ़ी हुई राशि बीमा कम्पनी द्वारा वापस की जायेगी।

# ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेले का जिला पंचायत सी.ई.ओ. ने अवलोकन किया

**राजगढ़ ।** जिला पंचायत अंतर्गत संचालित आजीविका मिशन के माध्यम से आज ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले के माध्यम से बेरोजगारों को रोजगार के अवसर प्रदान किए गए तथा प्रशिक्षण उपरांत रोजगार प्रदान करने वाली कंपनियों ने भी बेरोजगारों का चयन किया। राजगढ़ जनपद पंचायत परिसर में आयोजित इस मेले का जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष सागवान ने भ्रमण कर चयनित प्रतिभागियों से चर्चा की। मेले में दिनांक 14-9-20 को ब्लॉक ब्यावरा में ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेले में 453 बेरोजगार युवक युवतियों द्वारा पंजीयन करवाया गया। जिसमें कंपनियों में 157 युवक-युवतियां का चयन हुआ। मेले में भोपाल ब्लूज एंड केमिकल पीलूखेड़ी, नवभारत फर्टिलाइजर, एससीएल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी सीहोर ने सीधे रोजगार हेतु चयन किया। इसके अलावा चार कंपनियों ने प्रशिक्षण उपरांत रोजगार उपलब्ध कराने हेतु युवक एवं युवतियों का चयन किया । मेले में पहली बार एससीएल मैनुफैक्चरिंग कंपनी के लिए वर्चुअल इंटरव्यू लेकर प्लेसमेंट दिया गया। दिन भर चले इस रोजगार मेले के माध्यम से 319 युवक- युवतियों ने अवसर का लाभ उठाया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय द्वारा कंपनियों के प्रतिनिधियों से चर्चा की तथा चयनित युवक-युवतियों से संवाद किया। नवभारत फर्टिलाइजर्स भोपाल द्वारा सेल्स एक्जीक्यूटिव के पद पर 22 युवाओं का चयन किया गया, एस.ई.एल. मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड कंपनी सीहोर द्वारा मशीन ऑपरेटर के पद पर 38 का चयन किया गया। भोपाल ब्लूज एंड केमिकल कंपनी द्वारा 55 युवकों का चयन किया गया। डीडीयू जीकेवाई योजना के तहत ट्रेनिंग के पश्चात नियोजन हेतु चयन किया गया। इसमे सैफ एजुकेटेड राजगढ़ द्वारा लॉजिस्टिक एवं रिटेल ट्रेड में ,कैरियर लांचर इंदौर द्वारा सेल्स एवं रिटेल ट्रेड में, ट्रायलॉजिक भोपाल द्वारा सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट एवं आरसेटी स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान राजगढ़ द्वारा बेरोजगारो के पंजीयन कर प्रशिक्षण का ऑफर प्रदान किया गया।

# गरीब सुखी तो हमारी सरकार सखी : मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह

**रघुवीर ठाकुर**

विपुल सिंह बने नगर अध्यक्ष, आकाशदीप सिंह नगर मंत्री व भवानी ठाकुर बने रियासी ज़िला खेल प्रमुख। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की एक बैठक रियासी शहर के ज़नाना पार्क में सम्पन्न हुई। बैठक का उद्देश्य ऑनलाइन सदस्यता अभियान पर चर्चा तथा सत्र 2020-21 की नगर इकाई गठित करना था। बैठक के दौरान एबीवीपी जम्मू कश्मीर के प्रदेश सह-मंत्री अविनाश सेठी ने विपुल सिंह को रियासी नगर इकाई का अध्यक्ष, आकाशदीप सिंह को नगर मंत्री व भवानी ठाकुर को ज़िला खेल प्रमुख घोषित किया। इकाई के अन्य पदाधिकारियों की घोषणा नगर अध्यक्ष विपुल सिंह ने की जिसमें साहिल वर्मा और अरुण सिंह को नगर उपाध्यक्ष, मनन पंडोत्रा, माहिल शर्मा, अमित शर्मा, करण शर्मा एवं सुनील शर्मा को नगर सह-मंत्री घोषित किया गया, अमन शर्मा को



मीडिया एवं सोशल मीडिया प्रमुख, सूक्षम सूरी को सेवार्थ विद्यार्थी(एसएफएसी) संयोजक एवं अभिलाष भाली को पॉलिटेक्निक कॉलेज रियासी का संयोजक बनाया गया। इसके अलावा इकाई में कार्यकारी परिषद सदस्य भी घोषित किये गए जिनमें अर्जुन सिंह, विशेष, शुभम कुमार, संदीप शर्मा, आर्यन शर्मा एवं अनिल कुमार शामिल हैं। इस मौके पर रियासी नगर के अध्यक्ष विपुल सिंह ने एबीवीपी की राष्ट्र-पुनर्निर्माण में भूमिका पर प्रकाश डाला और बताया कि पिछले सात दशकों से विद्यार्थी परिषद छात्रों के कल्याण के लिए किस प्रकार कार्य कर रही है। विपुल ने बताया कि विद्यार्थी परिषद विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थिओं में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने का कार्य करती है। रियासी नगर मंत्री आकाशदीप सिंह ने देश भर में चल रहे सदस्यता अभियान की जानकारी दी। आकाशदीप ने बताया कि कोरोना महामारी के चलते इस वर्ष सदस्यता ऑनलाइन माध्यम से की जा रही है। विद्यार्थी परिषद से जुड़ने के लिए एबीवीपी की अधिकारिक वेबसाइट पर जाकर सभी विद्यार्थी, शोध विद्यार्थी, शिक्षक एवं शिक्षाविद अपनी सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। आकाशदीप ने बताया कि एबीवीपी छात्रों के मुद्दे उठाने व उनके समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

दैनिक पुष्पांजली टुडे



## सम्पादकीय

# वैक्सीन की खोज

*यह खुशखबरी है कि भारत कोविड-19 की वैक्सीन तैयार करने की ओर कामयाबी के साथ बढ़ रहा है। कोवैक्सीन नाम की जो दवा भारत बना रहा है, उसे जानवरों में कारगर पाया गया है और अब मनुष्यों में भी परीक्षण की शुरुआत हो चुकी है। जब कोरोना की शुरुआत हुई थी, तब भी दुनिया भारत की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही थी, लेकिन तब भारत में कोरोना का प्रकोप ज्यादा नहीं था। भारत में 48 लाख से ज्यादा लोग कोरोना संक्रमित हो चुके हैं और 78 हजार से ज्यादा की मौत हो चुकी है, इसलिए यह नितांत आवश्यक है कि देश अपनी विशाल आबादी के लिए खुद वैक्सीन विकसित करे। किसी भी अन्य देश की तुलना में आज भारत में वैक्सीन की सर्वाधिक जरूरत है। हमसे ज्यादा आबादी वाले चीन ने कोरोना पर शिकंजा कस लिया है, पर हम तेजी से सर्वाधिक पीड़ित देश होने की ओर बढ़ रहे हैं। सबसे ज्यादा पीड़ित होने के दाग को हम केवल वैक्सीन विकसित करके ही धो सकते हैं। वैक्सीन निर्माण में लगे इंडियन कौंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर), नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी और भारत बायोटेक के वैज्ञानिकों की तारीफ करनी चाहिए। उन्होंने अप्रैल महीने से ही वैक्सीन खोज अभियान छेड़ रखा है और 29 जून को ही वैक्सीन बना ली थी। इसी के आधार पर कभी यह घोषणा भी हो गई थी कि भारत में 15 अगस्त तक वैक्सीन आ जाएगी, लेकिन किसी भी वैक्सीन को हर तरह से सुरक्षित सिद्ध करने में समय तो लगता ही है। बहरहाल, खास यह कि कोवैक्सीन कोरोना स्ट्रेन से ही तैयार की गई है और शरीर में जाने के बाद कोरोना के खिलाफ एंटीबॉडी तैयार करती है। भारत बायोटेक के वैज्ञानिक इसी वैक्सीन की मदद से बंदरों में एंटीबॉडी विकसित करने में कामयाब रहे हैं। 20-20 बंदरों के चार समूहों पर अलग-अलग जगह वैक्सीन को आजमाया गया है। 14 दिनों के अंतराल पर बंदरों को दो बार वैक्सीन दी गई और उसके बाद उन्हें कोरोना संक्रमित करने की कोशिश हुई, मगर वैक्सीन की वजह से बंदरों के शरीर में एंटीबॉडी विकसित हो गई थी और उनमें निमोनिया या कोरोना लक्षण नहीं उभरे।*

*अब दिल्ली स्थित एम्स में कोवैक्सिन का फेज 2 ट्रायल शुरू हो चुका है। एक वॉलंटीयर को वैक्सीन की पहली डोज दी गई है। सफलता मिल गई, तो 750 इंसानों पर उसे आजमाया जाएगा और उसके बाद फेज 3 ट्रायल में हजारों लोगों पर परीक्षण होगा। इस पूरी कवायद में कम से कम तीन महीने का वक्त लगेगा और सब कुछ ठीक रहा, तो अगले साल की पहली तिमाही में भारत अपने वैक्सीन का निर्माण कर लेगा। ध्यान रहे, भारत में वैक्सीन की खोज में अभी सात कंपनियां लगी हैं, भारत बायोटेक, कैडिला, सीरम इंस्टीट्यूट, मिनवेक्स, इंडियन इम्युनोलॉजिकल्स और बायोलॉजिकल ई। सब अलग-अलग वैक्सीन पर काम कर रही हैं। अभी तक रूस में विकसित वैक्सीन स्पुतनिक-वी को स्थानीय स्तर पर मंजूरी मिली है, लेकिन यह वैक्सीन फेज 3 ट्रायल से नहीं गुजरी है, इसलिए विवाद बना हुआ है। खैर, भारत में जो भी दवा आए, पूरी तरह से परखने के बाद आए। इस खोज में धन या संसाधन की कतई कमी नहीं आने देनी चाहिए। जो भी वैज्ञानिक और आम लोग इस परीक्षण में भागीदारी का जोखिम उठा रहे हैं, पूरी मानवता उनकी सदा आभारी रहेगी।*

# चौथी क्रांति के जरूरी हथियार

वक्त आ गया है, भारत आत्मनिर्भरता के लिए अपनी तकनीकी बुनियाद तैयार करे। भारत को तकनीकी संप्रभुता की ओर तेजी से बढ़ना होगा। इस बात का क्या मतलब है? आज हम एक ऐसी दुनिया में हैं, जहां 3डी प्रिंटिंग, ऑटोमेशन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और ड्रोन जैसे कनेक्टेड डिवाइस सभी तरह की गतिविधियों के लिए मौलिक हो गए हैं। ये सब चौथी औद्योगिक क्रांति के आधार तत्व हैं। जो देश इन तकनीकों का उपयोग अपने खुद के प्लेटफॉर्म बनाने के लिए नहीं करेगा, उसे समाधान की तलाश में बाहरी शक्तियों पर निर्भर रहना पड़ेगा। प्रौद्योगिकीय आत्मनिर्भरता हमारी आर्थिक सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

भारत को अपनी तकनीकी क्षमताओं के निर्माण के लिए अपने निवेश और कोशिशों को तेज कर देना चाहिए। हमें गौर करना चाहिए कि चीन ने अमेरिका के तकनीकी मुकाबले के लिए क्या-क्या कदम उठाए थे? वह 2030 तक अमेरिका की तकनीकी बराबरी कर लेने के लक्ष्य के साथ बढ़ रहा है। अनेक मामलों में चीन की आलोचना हो सकती है, लेकिन हमें सीखना चाहिए कि दूरगामी रणनीति बनाकर तकनीकी संप्रभुता को कैसे हासिल किया जा सकता है। दवा क्षेत्र पर हमें सबसे ज्यादा ध्यान केंद्रित करना होगा। ज्यादातर दवाओं के लिए 60 से 80 प्रतिशत सामग्री चीन से आयात की जाती है। ऐसा पिछले 15 वर्ष में हुआ है, जब हमने आयात को मंजूरी देते हुए अपने देश में निर्माण को खत्म या कम होने दिया।

आज तकनीकी संप्रभुता का मोल बहुत अधिक है, हमारा उद्देश्य भारत को डिजिटल बुनियादी ढांचे के मामले में आत्मनिर्भर बनाना होना चाहिए। हमारे व्यवसायों और सरकारी कामकाज में लगे अधिकांश हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर पर हमारा अपना नियंत्रण होना चाहिए। आइए, हम कुछ ऐसे क्षेत्रों को लेते हैं, जहां संप्रभु नियंत्रण की जरूरत है। संप्रभु नियंत्रण का मतलब यह नहीं कि सरकार ही डिजिटल बुनियादी ढांचे की मालिक हो जाए। इसका मतलब है, सरकार को व्यापक जनहित के लिए इस क्षेत्र या काम को विनियमित करने में सक्षम होना चाहिए। हमें सबसे पहले डाटा और साइबर सुरक्षा चाहिए। भारत दुनिया में सबसे बड़े खुले बाजार वाला लोकतंत्र है। एक अरब से अधिक नागरिकों से जुड़े डाटा को घरेलू संस्थानों द्वारा ही नियंत्रित और विनियमित किया जाना चाहिए। पिछले कुछ वर्षों में डाटा के स्थानीयकरण और गोपनीयता पर जीवंत बहस चली है और एक अच्छे लोकतंत्र में यह बहस होनी चाहिए। भारत को डाटा के उपयोग को लेकर स्पष्ट कानून बनाने होंगे। डाटा संरक्षण कानून पर अभी भी संसद में चर्चा चल रही है और उम्मीद है, इसी साल एक सशक्त और व्यावहारिक कानून बन जाएगा। इसी से जुड़ा है साइबर सुरक्षा का मामला। आज नकद सब्सिडी देने से लेकर करोड़ों के कारोबार तक ऑनलाइन हो गए हैं। व्यवसाय के हर आयाम को साइबर सुरक्षा की जरूरत है। आज की दुनिया में साइबर हमला सीमा पर हमले की तुलना में अधिक हानिकारक हो सकता है। फिलहाल भारत को साइबर सुरक्षा प्रबंधन के लिए भारतीय या मित्र देशों द्वारा विकसित सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करना होगा। हमें समान विचारधारा वाली कंपनियों के साथ ठीक उसी तरह काम करना चाहिए, जैसे हमने आतंकवाद विरोधी गठबंधन बनाया है। सरकार साइबर सुरक्षा नवाचार के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र बना रही है। आगामी वर्षों में करोड़ों लोग डिजिटल मुख्यधारा में शामिल होंगे, उन्हें डिजिटल माहौल के हिसाब से प्रशिक्षित करने का काम हो सकेगा।

दूसरी जरूरत है सुरक्षित सामाजिकता और संवाद विकसित करना। इंटरनेट ऐंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएएमएआई) की ताजा रिपोर्ट में भारत में डिजिटल बाजार पर प्रकाश डाला गया है। देश में 50 करोड़ से अधिक सक्रिय इंटरनेट यूजर्स हैं, जिनमें से 50 प्रतिशत से अधिक गांवों में हैं। लगभग 14 प्रतिशत यूजर्स 5 से 11 वर्ष की आयु वर्ग में हैं। इसका मतलब है, 7.10 करोड़ नाबालिग मोबाइल या होम वाई-फाई का उपयोग कर रहे हैं। ये सभी भी यूजर्स असुरक्षित श्रेणी में है। चीनी ऐप पर प्रतिबंध लगाने से इन लाखों यूजर्स की सुरक्षा हुई है। रोपोसो और चिनगारी जैसे भारतीय सोशल वीडियो एप का तेजी से उदय हुआ है।

तीसरी जरूरत है डिजिटल ढांचा और विनिर्माण पर ध्यान देना। मोबाइल फोन संचार के हार्डवेयर से लेकर रक्षा विनिर्माण तक, पेमेंट गेटवे से ऊर्जा उत्पादन उपकरण तक, सभी क्षेत्रों में भारत को आत्मनिर्भरता का विकास करना चाहिए। नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने मास्टरकार्ड और वीजा जैसे वैश्विक दिग्गजों के एकाधिकार का मुकाबला करने के लिए भारत इंटरफेस फॉर मनी (भीम) एप और रूपे कार्ड से भुगतान की शुरुआत की है। यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) का निर्माण, जिस पर भीम और रूपे काम करते हैं, भारत की आत्मनिर्भरता की ओर उठाया गया शानदार कदम है। यूपीआई के तहत जून 2020 में 35 अरब डॉलर से भी अधिक के 1.34 अरब लेन-देन हुए हैं। भारत को अपनी नीतियों में सुधार करने के साथ ही उपयोगी शिक्षा में निवेश बढ़ाना चाहिए। अच्छी खबर है कि सरकार सभी मोर्चों पर उत्सुकता से आगे बढ़ रही है। 'इंटरनेट ऑफ थिंग्स' और 'मशीन लर्निंग' जैसे पद अब सरकार की चिंता का हिस्सा हैं। पिछले बजट में यह वादा किया गया था कि पांच साल में 80 अरब रुपये खर्च करके डाटा सेंटर पार्क, नेशनल मिशन ऑन क्वांटम टेक्नोलॉजी और अप्लिकेशंस बनाए जाएंगे। सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों को भारत नेट फाइबर-टू-होम कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए 60 अरब रुपये का प्रावधान भी कर रखा है। उम्मीद है, त्रुटिपूर्ण डाटा संग्रह प्रणालियों को नई प्रक्रियाओं के साथ तेजी से ठीक किया जाएगा। कोविड बाद की दुनिया में भारत आत्मनिर्भरता के लिए प्रतिबद्ध दिख रहा है। हालांकि यही पर्याप्त नहीं है। शी जिनपिंग ने चीन और उसके संस्थानों में 2025 तक एक ट्रिलियन डॉलर से अधिक के निवेश की घोषणा कर रखी है। इसके साथ ही, भारत को समान विचारधारा वाले देशों के साथ गठबंधन बनाना चाहिए। भारत और अन्य देशों को चीन के नेतृत्व वाले नियमों में फंसने से बचने के लिए प्रौद्योगिकी के अपने मानक गढ़ने होंगे। तकनीक हमारे भविष्य का नेतृत्व करे, यह हमारी आर्थिक सुरक्षा के लिए उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना देश की सीमाओं की रक्षा। आज सीमाएं आभासी हो गई हैं, जहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता की शक्ति तोपखाने की मारक क्षमता से भी अधिक मायने रखती है। चौथी औद्योगिक क्रांति की प्रौद्योगिकियां खुली और समतावादी हैं। भारत को एक वैश्विक नेता के रूप में चमकने के लिए अपनी तकनीकी क्षमताओं का विकास करना ही होगा। मीडिया के घटाटोप में हमारा विवेक

# इस सहमति में कई पेच हैं

गुरुवार को भारत और चीन के विदेश मंत्रियों की मुलाकात के बाद पांच बिंदुओं का एक साझा बयान जारी किया गया है। यह बैठक काफी अहम थी, क्योंकि इसका मकसद वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पूर्वी लद्दाख में चरम पर पहुंचे तनाव को कम करना था। मॉस्को रवाना होने से पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक कार्यक्रम में कहा भी था कि भारत और चीन का सीमा-विवाद काफी तनावपूर्ण है, जिसे सुलझाने के लिए गंभीर राजनीतिक विमर्श की दरकार है। तो क्या इस बातचीत से तनाव घटाया जा सकेगा? इसका जवाब खोजने के लिए उन पांच बिंदुओं की चर्चा जरूरी है। पहला बिंदु बताता है कि दोनों पक्षों को अपने मतभेद विवाद में नहीं बदलने चाहिए, जिस पर भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अतीत में रजामंदी दिखाई थी। यह बात सुनने में तो बहुत अच्छी लगती है, लेकिन सच यही है कि चीन के मुखर और आक्रामक व्यवहार के कारण ही मतभेद आज विवाद बन गए हैं। ऐसे में, इस बात की क्या गारंटी है कि चीन भविष्य में अपना व्यवहार बदल ही लेगा? दूसरे बिंदु के मुताबिक, द्विपक्षीय बातचीत जारी रखी जाएगी, सीमा पर तनाव कम किया जाएगा, एक-दूसरे देशों के सैनिकों की उचित दूरी बनाई जाएगी आदि। मगर यह सब भी इतना आसान नहीं दिख रहा है। खासतौर से सैनिकों की उचित दूरी बनाने पर भले ही चीन ने सहमति जताई हो, लेकिन उसकी फौज इसका उल्लंघन करती रही है। साफ है, चीन को अपनी कथनी और करनी का फर्क मिटाना होगा, तभी इस सहमति का कोई अर्थ निकल सकेगा। तीसरा बिंदु है, पुराने प्रोटोकॉल और समझौतों का पालन सुनिश्चित करना। मगर नियम-कायदों का उल्लंघन तो चीन का पुराना शगल है। पिछले पांच वर्षों में ही न जाने कितनी बार उसने आपसी विश्वास तोड़े हैं। वह वास्तविक नियंत्रण रेखा को एकतरफा बदलना चाहता है। चौथे बिंदु के अनुसार, दोनों देश 'स्पेशल रिप्रेजेंटेटिव मैकेनिज्म' के जरिए बातचीत करेंगे। इसके अलावा, सीमा से जुड़े सवालों के हल के लिए कंसल्टेशन व को-ऑर्डिनेशन पर वर्किंग मैकेनिज्म के जरिए भी बातचीत की जाएगी। इस तरह की वार्ताएं पहले भी होती रही हैं। स्पेशल रिप्रेजेंटेटिव मैकेनिज्म के तहत अपने यहां के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) और चीन के स्टेट काउंसलर की कई बैठकें हो चुकी हैं।

## हिन्दी की कहानी



मैं हूँ हिन्दी। मेरा शाब्दिक उद्भव सिन्ध शब्द के %स% वर्ण से %ह% के रूप में हुआ है, जिससे मैं सम्पूर्ण भारत का पर्याय बनी और मेरे आधुनिक भाषा रूप का जन्म वैदिक संस्कृत से हुआ है, जो साहित्य की परिनिष्ठित भाषा थी। वैदिक संस्कृत से लौकिक संस्कृत फिर पाली, प्राकृत और अपभ्रंश से विभिन्न हिन्दी शाखाओं का जन्म हुआ, जिससे आगे चलकर मैं सर्वमान्य हिन्दी की खड़ी बोली के रूप में प्रतिष्ठित होकर साहित्यिक रूप में प्रचलित हुई। मेरा साहित्य भंडार अलौकिक एवं निराला है। कालगत दृष्टि से देखें तो आदिकाल में वीरता की बखान करने वाले चंदरबरदाई, जगनिक, अमीर खुसरो जैसे महान कवि हुए हैं। भक्तिकाल में सूरदास, तुलदीदास, कबीरदास, नानक, रैदास, मीराबाई जैसे महान भक्त कवियों ने संत-सूफी-राम और कृष्ण काव्य का अथाह भंडार हिन्दी भाषा को प्रदान किया। रीतिकाल बिहारी, मतिराम, केशव, चिंतामणि और घनानन्द जैसे कवियों को समर्पित है। छायावाद कल्पना की प्रधनता लिए मानवीकरण को आगे बढ़ाता हुआ अनेक साहित्यकारों यथा प्रसाद-पंत-निराला-महादेवी वर्मा की रचनाओं को दर्शाता है। आधुनिक साहित्य का श्रेय भारतेन्दु, दिनकर, परसाई जी, अज्ञेय आदि को जाता है। मेरे इतिहास के साथ-साथ मेरा वर्तमान शिक्षा से जुड़ी होने की मेरी स्थिति का संज्ञान करता है। आज निरन्तर मेरा कार्य स्वरूप बदलता जा रहा है। विदेशों में भी हिन्दी और गैर- हिन्दी लोग मेरे कार्यक्रम में भागीदार बनते हैं। जब मैं लोगों को हिन्दी में न बात कर हिंग्लिश में बात करते देखती हूँ तो बहुत व्यथित हो जाती हूँ। काश ! वो मेरे मन की पीड़ा और अपनी भाषा की महान संस्कृति को समझ पाए। मैं उन्हें अपने द्वारा एक महान व्यक्तित्व बनते देखना चाहती हूँ। इसी आशा में मैंने आप सभी को अपनी कहानी सुनाई।

**डॉ. लता (हिन्दी शिक्षिका)**
**नई दिल्ली**

## श्राद्ध



माँ बाप बोले अपनी औलाद से जीते जी मेरे मन का कर दे,
आशीर्वाद तुझको हम दे जायेगे,
मरने के बाद तेरे श्राद्ध को हम कौआ बनकर ग्रहण करने नही आयेंगे।
आज जिंदा है तो तुमसे उम्मीदे है,
अन्न वस्त्र नही तेरे प्रेम के भूखे है,
मरने के बाद कुछ भी हमे नही मिलेगा,
कल मे कुछ नहीं जो भी है आज मे मिलेगा।
श्राद्ध के नाम पर आशीष नही मिलता,
जब दुःखी हो आत्मा तो सुकून नही मिलता,
लाख बना लो पकवान पर स्वाद नही मिलता।
पितरो को पानी देना पुण्य होता है,
उनके लिए जो चैन की नींद सोये हो,
एकांत जीवन जी कर तिल तिल खुद को मारना ,
और रो रो कर खुद के मरने की दुआ मांगना।
कितनी बेबसी और लाचारी से गुजरता है वो बुढ़ापा,
जीते जी बीमारी के नाम पर कुछ भी खाने को न देना,
और मरने के बाद मृत्यु भोज देना ,
लायक औलाद का खिताब पाना ,
और साल दर साल श्राद्ध भोज देना,
कैसे खुश होंगे हमारे पुरखे जब जीते जी उनका दिल जलाया है,
दो मीठे बोल की आस मे आंखों से नमक बहाया है।
कैसे होगा श्राद्ध कबूल जब बुजुर्गो का दिल दुखाया है।

**बावली की कलम से**
**प्रियंका पवन खंताल(बावली)झांसी**

## सृष्टि के वास्तुकार विश्वकर्मा जी...

प्रथम वास्तुकार रहे इस सृष्टि के,
देव शिल्पी की उपाधि को पाए।



सृष्टि की रचना में रहे सहायक,
विश्वकर्मा सृजन देवता कहलाए।।
ऋग्वेद में इनके महिमा का वर्णन,
हम विश्वकर्मा भगवान कहते हैं।
इनके पूजनअर्चन से हम सभी के,
सभी बिगड़े हुए काम बहुरते हैं।।
विश्वकर्मा जी ने बनाया स्वर्गलोक,
जहाँ इन्द्र भगवान निवास करते हैं।
वज्र अस्त्र बनाया इन्द्र के ख़ातिर,
जिससे असुरों का संहार करते हैं।।
सृष्टि के नक्शानवीस विश्वकर्मा जी,
देवताओं के हैं भी ये शिल्पकार।
श्रीकृष्ण का द्वारका नगरी बनाया,
सोने की लंका के भी
रचनाकार।।
जगन्नाथ भगवान की मूर्ति रचा,
बलभद्र की मूर्ति बना चमकाया।
मंदिरों के निर्माण में विश्वकर्मा जी ने,
बखूबी शिल्प कला को दर्शाया।।
विश्वकर्मा भगवान की करें स्तुति,
व्यवसाय में तरक्की होती हैं।
ब्रह्मा जी भी खूब प्रशंसा करते,
पूजा से अभिलाषा पूरी होती है।।

**स्वरचित व मौलिक**
**सादर**
**लाल देवेन्द्र कुमार**
**श्रीवास्तव**

## जीवन की सफलता



है ज़िन्दगी रेगिस्तान की माफ़िक़,
मृगतृष्णा-सी सारे वादें हैं
।
सच्चे रिश्ते हैं क्षण-भंगुर,
सबकुछ यहाँ छलावा है ।।
मुखौटे के पीछे आदम,
सच तो जैसे इक सपना है ।
अजनबी-से चेहरे सारे,
कौन यहाँ पर अपना है ?
कठपुतली के मानिंद हैं सब,
किसकी चलती मर्ज़ी यहाँ ?
अब किस पर मैं यकीं करू,
हर रिश्तें हैं फ़र्ज़ी यहाँ ।।
मुट्ठी में बंद रेत-से रिश्ते,
ये तो फ़िसलते जाते हैं ।
पकड़ो इनको कसकर चाहे,
ये छूटते ही जाते हैं ।।
वीरान-सी अब हुई ज़िन्दगी,
सोचा कहूँ अलविदा सबको ।
ज़ार-बेज़ार मेरा दिल रोता,
अपना अब कहूँ किसको ??
कोई कहता है यकीं करो ,
कहता कोई तुम थामो हाथ ।
चाहे कितना भी हो मुश्किल,
दूंगा हरपल मैं तुम्हारा साथ ।।
छोड़ दो मेरे हाल पर मुझको,
न चाहूँ हमदर्दी कोई ।
सब्ज़बाग़ न दिखाओ मुझको,
न चाहूँ सांत्वना कोई ।।
तो क्या हुआ जो मैं टूटी,
ठोकर खाया हर पल बिखरी।
कर लो तुम भी थोड़ी आज़माइश,
पर अब फ़िर से मैं न टुटूंगी ।।
अंतर्मन कहता तुम रुकना नहीं,
बढ़ते जाना पर थकना नहीं ।
चाहे गिरना पर तुम उठना,
मंज़िल को अपने है पाना ।।
कभी तो होगा निशा का अंत,
कभी तो रौशनी आएगी ।
जीवन-पटल पर मेरे इकदिन,
सूरज की लालिमा छाएगी ।।
संघर्ष के राह में जो मिला,
करो स्वीकार तुम थमो नहीं ।
जीवन-पथ पर जो बढ़ा चला,
है अडिग और सफ़ल वही ।।

**– मोनिका राज**
**मुरलीगंज , मधेपुरा, बिहार**

## सारी दुनिया कहती है बहुत जिद्दी है हम



हिंदुस्तान है हमारे दिल में हिंदी हैं हम
कतरा कतरा खून का कर दे बलिदान हम
हिमालय से भी ऊंचे हौसले रखते हैं हम
हिन्दूस्तान है हमारे दिल में हिंदी हैं हम
सारी दुनिया कहती है हमे बहुत जिद्दी है हम
झुके नहीं दुनिया की शक्ति के आगे हम
विश्व शक्ति जैसी हैसियत रखते हैं हम
अलग - अलग धर्म के 130 करोड़ हैं हम
दुनिया भी हिला दे अगर एक हो जाएं हम
सारी दुनिया कहती है हमें बहुत जिद्दी है हम
हिंदुस्तान है हमारे दिल में हिंदी है हम
आँच आये गर चट्टानों से टकरा जाते हैं हम
महाशक्ति जैसा रुतबा रखते हैं हम
छोटे से गांव से लेकर शहर तक बसते हैं हम
सारी दुनिया कहती है हमे बहुत जिद्दी है हम
हिन्दूस्तान है हमारे दिल में हिंदी हैं हम

**महेश राठौर सोनू**
**गाँव राजपुर गढ़ी**
**जिला मु0 नगर**

# श्राद्ध की परंपरा को निभाते हुए इंसान : वर्तमान परिवेश में समीक्षा

कटु मगर सत्य है, सुनना चाहें तो सुन लीजिए और पढ़कर कुछ हृदय में जाग जाए तो सोचिएगा कि श्राद्ध का अर्थ क्या है ? अपने घर-परिवार के पितरों को प्रतिवर्ष श्रध्द्धांजली देना ! उनको ईश की तरह नमन कर ये बतलाना कि आप सब की कमी हमें बहुत खलती है या आपके आशीर्वाद से ही हमारा जीवन सफल है ! वगैरा,वगैरा......। ज़रा सोचिए इसके मायने कि जो बुजुर्ग या बड़े अपना सारा जीवन अपनी संतान के लिए, उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए कड़ी मेहनत करते हैं और एक उम्र के बाद उम्मीदों की आस बूढ़ी आँखों में भर कर अपनी बच्चों को आसमां-सा समझ निहारते हैं, विचित्र विडम्बना है कि उनके पास ही नज़रें झुकाकर स्नेह की वर्षा तो दूर एक बूँद भी नहीं होती । है न हम सबकी भागती ज़िंदगी की कहानी यही ! जीवन भर छाया देने वाले, हर धूप से बचाने वाले वट-वृक्ष की तरह घर के बड़े, जिनकी नसीहतें या उनका टोकना हमें कम ही सुहाता है और हम उनको जीते जी ना जाने कितनी ही बातों के लिए दुख पहुँचाते हैं । ना जाने कितना स्नेह होता हैं उनमें फिर भी, तुम जब



उनके भरोसे अपनी संतान को छोड़कर निकल पड़ते हो अपने सफर पर तब वे उनकी मुस्कान में तुम्हारा बचपन ही ढूँढते हैं । अपनी झुकी हुई कमर, ढली उम्र की लकीरों से भरे मुख पर शांत मुद्रा संग सांझ के समय सबके सो जाने के बाद अपने कमरे के एकांत में बिस्तर पर तकिये के नीचे अपने एक हाथ को दबा एकटक दूर खिड़की से उसी आसमां को निहारते हैं । या किसी वृध्द्धाश्रम में भी हों तब भी अंधेरी रात के अकेलेपन में वही आसमां और वही उनकी एकटक नज़र। और उनके जाते ही प्रतिवर्ष श्राद्ध ! है न कितने अचरज की बात सबकुछ कीजिए ना उनके जीते जी भी उनके प्रति स्नेह और श्रद्धा रखिए 7 यह नहीं कहती कि श्रवण हो जाइए ! किन्तु कम से कम इंसानियत को पूजिए और अपने पितरों का जब श्राद्ध कीजिए तो अंतरात्मा से आवाज़ आए कि वाक़ई मेरा जीवन धन्य हुआ जो तुमने वटवृक्ष बन हमें कभी मुरझाने नहीं दिया।

**भावना अरोड़ा मिलन**
**अध्यापिका एवं लेखिका**
**कालकाजी, नई दिल्ली**

## हिन्दी हैं हम

### हिन्दी दिवस पर आप सभी को बहुत बहुत बधाई!



हिंदी भाषा के रूप में भारत देश को जोड़ने का एक महत्वपूर्ण मार्ग है। हिंदी भाषा के रूप में भारत की एकता और अखंडता की अनुभूति भी कराती हैं । भारत के लगभग हर प्रदेश की एक मातृभाषा है और हिंदी सभी मातृभाषाओं की संरक्षक, पोषक और विकास की सहयोगी भाषा है। यहा हिन्दी सभी मातृभाषाओं की सहयोगी भाषा है, वहीं अंग्रेज़ी सभी मातृभाषाओं को हमेशा चुनौती देती है। सारा देश आपस में अच्छी तरह से संवाद करें इसलिए नई शिक्षा नीति में हिंदी भाषा को भी गौरव प्राप्त है जो कि एक स्वागत योग्य कदम है। आओ संकल्प करें की एक दिन ऐसा भी आए जब हिंदी भारत की ही नहीं पूरे विश्व की संवाद की भाषा बने ।

**जय भारत जय भारती**

## क्या यह मेरा सपना है

पंख लगा कर मैं उड़ जाती
वजूद को अपने में सहलाती
झिलमिल तारों से बनकर गगन में
खुले आसमां पर मैं छा जाती
क्या यह मेरा सपना है
नितिन नवीन सपने बनकर
हाथों को अपने फैलाकर
चांद की मध्यम रोशनी में
खुद अपने में ही सिमट जाती
क्या यह मेरा सपना है
खुशबू की तरह इधर-उधर बिखर कर
तितली की तरह यू मुड़-मुड़ कर



सारी बगिया में यूं चेहक चेहक कर
फूलों का रस पी उड़ जाती
क्या यह मेरा सपना है
काश मुझे भी मिल जाती
यू प्यारी सी आजादी
तो मैं भी एक औरत से
एक नन्ही बच्ची बन जाती
क्या यह मेरा सपना है
अरे हां यह मेरा सपना है।।

**रीना अग्रवाल**
**ग्वालियर मप्र**

## दर्द के फूल



दर्द के फूलों से लदे उम्मीदों के ज़ख़्म कुरेदना चाहती है,
वक्त की पलकों पर सोए सपने जगाना चाहती है।
एक वामा खामोश पड़ी गज़ल को दर्द की तान पर दोहराना चाहती है पर एक भी सूर ज़िंदगी के तानपूरे से बजता नहीं।
दिन गुज़रता नहीं रातें छंटती नहीं, है कोई दामन बिछाने वाला वो उम्र बाँटना चाहती है।
ना मिला फ़लक का टुकड़ा
ना उड़ने को परवाज़, ज़रा सी धूप एक अधखुली खिड़की से झाँकती बदकिस्मती के कोने के तम से तिलमिलाती सूने गलियारे से सरक जाती है।
ज़िंदगी का ठंड़ापन ओर निर्ममता के आगे उसके हर जतन हारे, सजल नैंन, सस्मित लब लिए ज़िंदा तो है।
अवसाद की छाया लकीरों पर छाई है अब सुख का सरमाया कहाँ ढूँढें, पंख कटी चिड़ीया छिटक नहीं सकती एक चिड़े ने मांग भर दी है चुटकी भर रक्त वर्णित रंग से।
चंद काले मनके की एक डोर से बँधी पगली निभा रही है रस्म, माँ ने कहा था मान रखना दो दहलीज़ का,
जहाँ डोली उतरी तेरी वहीं से अर्थी पर चढ़ना है तुझको।।

**भावना ठाकर, बेंगुलूरु सभावु**



## सोनम की इच्छा अनिल-जैकी फिर करे एक साथ फिल्म

बॉलीवुड अभिनेत्री सोनम कपूर अहूजा ने अपने पिता अनिल कपूर और उनके दोस्त जैकी श्राफ से एक विशेष अनुरोध किया है। उन्होंने दोनों से साथ में एक फिल्म करने का अनुरोध किया है। दरअसल, हाल ही में अनिल कपूर ने अपने सोशल मीडिया पर अलीबाग ट्रिप का एक पोस्ट साझा किया था, जिसमें वह कई पोज में दिखाई दे रहे हैं। उनके इस पोस्ट पर अभिनेता जैकी श्राफ ने कमेंट किया, ₹ऑसम लखन। इस देखकर अभिनेत्री सोनम ने कमेंट सेक्शन में अपनी इच्छा जाहिर की। उन्होंने ट्वीट किया कि साथ में एक फिल्म किजिए। बता दें कि 1989 की सुपरहिट फिल्म राम लखन के अलावा, अनिल कपूर और जैकी श्रॉफ ने अस्सी और नब्बे के दशक की कई हिट फिल्मों में साथ काम किया है। जिनमें फिल्म युद्ध, कर्मा, परिंदा, काला बाजार और 1942: ए लव स्टोरी शामिल हैं।



## 'डॉली किट्टी' से अभिनेत्री भूमि पेडनेकर का अनुभव रहा खास

अभिनेत्री भूमि पेडनेकर अपनी आने वाली फिल्म डॉली किट्टी और वो चमकते सितारे में महिलाओं की टीम के बारे में बात की। दरअसल, इस फिल्म का नेतृत्व अधिकतर महिलाओं ने मिलकर किया है। भूमि ने कहा कि मेरे ख्याल से डॉली किट्टी.. की अगुवाई महिलाओं की एक टीम द्वारा किया जाना काफी खास है। परियोजनाओं का नेतृत्व ऐसी महिलाओं ने किया है जो चीजों को लेकर मुखर रही हैं और अपने क्षेत्र में प्रगतिशील रही हैं जैसे कि (निमार्ता) एकता (कपूर), (निर्देशक) अलंकृता (श्रीवास्तव), (सह-अभिनेत्री) कोंकणा (सेन शर्मा), मैं खुद, और इसमें शामिल कई और भी कई सदस्य। हम सभी सशक्त महिलाएं हैं और यह अनुभव काफी संतुष्टिदायक, खूबसूरत और सहज रहा है। उन्होंने आगे कहा कि ₹यह देश के लिए बेहद प्रासंगिक और महत्वपूर्ण फिल्म है क्योंकि यह महिलाओं की छवि को पेश करेगी।




## अभिनेता धीरज धूपर फिल्म येलो के बने निर्माता

टीवी स्टार धीरज धूपर एक लघु फिल्म येलो के साथ निर्माता बनने के लिए तैयार हैं। इसका निर्देशन उनके दोस्त अंबर वासी ने किया है। धीरज ने कहा कि मैं हमेशा हर संभव चीज में अपना हाथ आजमाना चाहता था और कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता हूं। निर्माता बनना एक ऐसी चीज है जिसके बारे में मैं वास्तव में उत्साहित हूं। टीवी में आने से पहले, मैं हमेशा कुछ ऐसी भूमिकाएं करना चाहता था जो मुझे लगे कि मेरे लिए सबसे उपयुक्त होंगी। एक निर्माता बनकर, मुझे लगता है कि मैं अब इसे एक्सप्लोर कर सकता हूं। मैं अपने काम के माध्यम से युवा और योग्य प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करने के लिए भी जिम्मेदार महसूस करता हूं। उन्होंने आगे कहा, इसके अलावा डिजिटल के सबसे आगे आने के साथ ही कंटेंट के साथ खेलने की बहुत गुंजाइश है। यह आश्चर्यजनक लगता है कि मेरी लघु फिल्म येलो को अपने मंच के लिए शॉर्ट्सटीवी ने चुना है।



## कविता सेठ से प्रशंसक करते इकतारा को गाने का अनुरोध

गायिका कविता सेठ से साल 2009 में आई फिल्म वेक अप सिड से गीत इकतारा के लिए जानी जाती हैं। इसके बाद से उनके प्रशंसक ही परफॉर्मेंस में इस गाने को गाने को अनुरोध करते हैं। उन्होंने बताया कि इकतारा मेरे लिए एक खास गाना है। जब कभी मैं परफॉर्म करती हूं, मेरे प्रशंसक मुझे हमेशा इस गीत को गाने के लिए कहते हैं। इकतारा के बिना मैं अधूरी हूं। इस गाने के बाद मुझे खूब सारा प्यार मिला और शोहरत भी मिली।₹ कविता ने आगे बताया कि ₹मुझे याद है कि यह फिल्म की रिलीज का पहला दिन था। मैं इसे देखने थिएटर गई और वहां जाकर दर्शकों की प्रतिक्रिया से मैं काफी अभिभूत हुई। लोग इस गीत को गा रहे थे, गुनगुना रहे थे। यह सबकुछ देखकर मैं भावुक हो गई और मेरी आंखों से आंसू गिरने लगे। मैंने कभी नहीं सोचा था कि इकतारा को इतना पसंद किया जाएगा।



## प्रीति का तीसरा कोरोना टेस्ट भी निगेटिव, आईपीएल के लिए दुबई पहुंचने के बाद सात दिन के लिए हैं क्वारैंटाइन, दो और टेस्ट बाकी

आईपीएल की टीम किंग्स इलेवन पंजाब की ओनर प्रीति जिंटा का लगातार तीसरा कोरोना टेस्ट निगेटिव आया है। इस बात की खुशी प्रीति ने एक वीडियो शेयर कर जाहिर की। आईपीएल 2020 के लिए दुबई पहुंची प्रीति फिलहाल 7 दिन के लिए क्वारैंटाइन हैं। यह उनका तीसरा कोरोना टेस्ट था, इसके बाद उनके दो टेस्ट और होंगे। जबकि उन्हें दो दिन और क्वारैंटाइन रहना होगा। इसके पहले भी प्रीति जिंटा ने इंस्टाग्राम पर दुबई पहुंचने के कई वीडियो और पोस्ट शेयर किए थे। प्रीति ने बताया था कि वे पहले भी लॉस एंजेलिस में कई



बार कोरोना टेस्ट करवा चुकीं हैं। इसके लिए उन्होंने यह भी कहा था कि निगेटिव साल 2020 का सबसे पॉजिटिव शब्द है। बात अगर आईपीएल-2020 की करें तो 19 सितंबर से शुरू हो रहा है, जबकि प्रीति की टीम का पहला मैच रविवार को दिल्ली कैपिटल्स के साथ होगा।

### 120 देशों में होगा लाइव टेलीकास्ट


आईपीएल के 13वें सीजन का लाइव टेलीकास्ट 120 देशों में किया जाएगा। स्टार इंडिया के पास टूनार्मेंट के प्रसारण अधिकार हैं। भारत में हिंदी और इंग्लिश के अलावा स्थानीय भाषाओं में भी प्रसारण होगा। इनमें तमिल, तेलुगू, कन्नड़, बांग्ला, मलयालम और मराठी शामिल है। दर्शक हॉटस्टार पर मैच की लाइव स्ट्रीमिंग देख सकते हैं। हालांकि, इसके लिए यूजर को प्रीमियम मेंबरशिप की जरूरत होगी।

## 48 की हुई महिमा चौधरी

### परदेश के लिए तीन हजार लड़कियों के ऑडिशन में हुई थी सिलेक्ट

महिमा चौधरी का नाम सुनते ही बॉलीवुड प्रेमियों को फिल्म 'परदेस' की याद ताजा हो जाती है। एक खूबसूरत सी सुंदर सी लड़की की याद आ जाती है, जो पहली ही फिल्म से छा गई थी। 'परदेस, दागः द फायर, धड़कन, कुरुक्षेत्र, दिल है तुम्हारा' जैसी फिल्मों के जरिए लाखों-करोड़ों युवाओं के दिलों पर राज करने किया हैं। वो शेयर चैट समेत अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर खूब पॉपुलर हो रही हैं। मगर आज का सच कुछ और है। आज महिमा चौधरी का 48वां जन्मदिन है और वो बेहद बदल चुकी हैं। कुछ महीने पहले ही उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं, जिनमें महिमा का वजन काफी बढ़ा हुआ लग रहा था और वह पहले से काफी अलग नजर आ रही थीं। लंबे समय से महिमा बड़े परदे पर भी नजर नहीं आई हैं। बात महिमा की शुरूआत की करें तो वैसे भारतीय पिता और नेपाली मां की बेटी महिमा का जन्म दार्जिलिंग में हुआ था। दार्जिलिंग में एक ब्यूटी पेजेंट जीतने के बाद ही महिमा ने मॉडलिंग और फिल्मों में आने का फैसला किया था। साल 1990 में महिमा ने मिस इंडिया कॉम्पिटिशन जीता और इसके बाद एड फिल्म्स में अपनी जगह बनानी शुरू की। इसमें उन्हें सफलता भी मिली और कई कमर्शियल्स में वह नजर आईं। इसी के साथ महिमा ने वीडियो जॉकी का काम भी किया।

मगर उनकी किस्मत में कुछ और लिखा था और यही किस्मत उन्हें ले गई फिल्ममेकर सुभाष घई के पास। सुभाष उन दिनों अपनी फिल्म परदेस के लिए एक नया चेहरा ढूंढ रहे थे। उन्होंने 3000 लड़कियों के ऑडिशन लिए, लेकिन कोई पसंद नहीं आई। जब महिमा सुभाष के सामने आईं और ऑडिशन दिया तो उन्हें परदेस की हीरोइन मिल गई। लेकिन सुभाष ने महिमा को यूं ही एक्सेप्ट नहीं किया। फिल्मी दुनिया से इतर रितु चौधरी के नाम से जानी जाने वाली महिमा को सुभाष घई ने ही ये नाम दिया था। इस तरह 1997 में परदेस फिल्म से महिमा ने डेब्यू किया और पहली ही फिल्म से उन्हें बेस्ट फीमेल डेब्यू का



फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला। इसके बाद दाग, धड़कन, कुरुक्षेत्र, दिल है तुम्हारा, बागवान जैसी फिल्मों में महिमा आईं और उनकी अदाकारी की तारीफ भी हुई। 2008 में महिमा के करियर को लंबा ब्रेक लगा और वह 2016 में लौटीं डार्क चॉकलेट के साथ। इन आठ सालों के दौरान उनकी निजी जिंदगी में काफी उतार चढ़ाव आए। महिमा ने कुछ सालों तक टेनिस प्लेयर लिएंडर पेस को डेट किया।



## सर्जरी के 13 दिन बाद घनश्याम नायक उर्फ नट्टू काका हुए अस्पताल से डिस्चार्ज

पॉपुलर टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में नट्टू काका का किरदार निभाने वाले अभिनेता घनश्याम नायक तकरीबन दो हफ्तों के बाद अस्पताल से आज डिस्चार्ज हो रहे हैं। 76 वर्ष के घनश्याम पिछले दो महीने से अपने गले का दर्द सह रहे थे और जब कुछ दिनों पहले डॉक्टर ने उनकी रिपोर्ट्स निकलवाई तब उनके गले में 8 गांठें होने की बात सामने आई। हाल ही में उनका गले का ऑपरेशन करके ये 8 गांठें निकाली गई हैं जिसके बाद उन्हें अब घर भेजा जा रहा है। बातचीत के दौरान घनश्याम के बेटे विकास नायक ने बताया, ये साल हमारी फैमिली के लिए थोड़ा मुश्किल भरा रहा है। साल की शुरूआत में मेरी मां को एडमिट किया गया था। वे तकरीबन 10 दिनों तक अस्पताल में एडमिट थीं। कुछ समय बाद मई महीने में मैं कोरोना संक्रमित हो गया था, मैं भी तकरीबन 10 दिन तक अस्पताल में एडमिट हुआ था। कोरोना से जंग तो जीत गया हालांकि कुछ महीने बाद पापा की बीमारी का पता चला। उनके गले की बड़ी सर्जरी करवानी पड़ी। ये एक मुश्किल भरी स्थिति है लेकिन हमारे पापा ने हमें बचपन से ही सिखाया है कि मुश्किल घड़ी का सामना हंसकर करना चाहिए, हम वही कर रहे हैं। हमें उम्मीद है इस आफत से जल्दी बाहर आ जाएंगे। घनश्याम नायक को अब अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया हैं। इस बारे में विकास बताते हैं, जी हां, आज ही उन्हें डिस्चार्ज किया गया है हालांकि उनका ट्रीटमेंट अभी खत्म नहीं हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक उनका ट्रीटमेंट अभी कुछ महीने और चलेगा जिसके लिए हम आगे कुछ महीने अस्पताल आते रहेंगे।



### कैंसर का डर जरूर था लेकिन अब ये डर निकल गया हैं

हाल ही में विकास ने अपने एक सोशल पोस्ट के जरिए अपने पिता के गले में मैलिग्नेंट या बिनाइन गांठ (मेडिकल टर्म में कैंसर) होने की बात लिखी थी। पोस्ट में उन्होंने इसका ट्रीटमेंट होने का जिक्र भी किया था। बता दें, घनश्याम नायक की सर्जरी मुंबई के एक जाने-माने ऑन्कोलॉजिस्ट (कैंसर सर्जन) ने किया हैं। इसपर जब हमने विकास से पूछा तो वे बोले, ₹देखिए फिलहाल इस पर किसी भी तरह का कमेंट करना बहुत जल्दबाजी होगी। मैं नही चाहता कि ये इन्फॉर्मेशन पब्लिक प्लेटफार्म पर आए। हां, जिसका हमें डर था वो उनके गले से निकाल दिया गया है, उनके फॉलोअप ट्रीटमेंट में भी हमें सिर्फ इस बात का ध्यान रखना हैं कि वो बीमारी फिर नही आए। जी हां, कैंसर का डर जरूर था लेकिन अब ये डर निकल गया है। आगे उनका बहुत ध्यान देना होगा।

### वे शूटिंग करने के लिए बहुत उत्साहित हैं

बातों-ही-बातों में विकास ने बताया की घनश्याम नायक फिर से शूट पर जाने के लिए बहुत उत्साहित हैं। विकास ने बताया, ₹पापा अपने फैसले खुद लेते हैं और हम कभी उन्हें कुछ भी करने से नहीं रोकते। हम सभी जानते हैं कि वे शूटिंग करने के लिए बहुत उत्साहित हैं और सब कुछ सही रहा तो अगले महीने (अक्टूबर) तक वे शूटिंग करना शुरू कर देंगे।₹ विकास की बात करें तो वे एक इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी कंपनी में बतौर सीनियर मैनेजर काम करते हैं। साथ ही वे बतौर लेखक भी पिछले 20 सालों से अपने कॉलम लिखते आ रहे हैं।



## बुसान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में होगा प्रकाश झा अभिनीत 'मट्टो की साइकल' का प्रीमियर

प्रकाश झा अभिनीत 'मट्टो की साइकल' 25वें बुसान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (बीआईएफएफ) में विश्व प्रीमियर के लिए तैयार है। फिल्म को ए विंडो ऑन एशियन सिनेमा फेस्टिवल के सेक्शन में दिखाया जाएगा। फिल्म को एम गनी निर्देशत करेंगे और निमार्ता सुधीरभाई मिश्रा हैं। फिल्म में प्रकाश झा, अनीता चौधरी और आरोही शर्मा हैं। बुसान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 21 से 30 अक्टूबर तक चलेगा और इसमें कई फिल्मों की स्क्रीनिंग होगी जिसमें 'मट्टो की साइकल' भी शामिल हैं। फिल्म एंड ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने ट्विटर पर दो तस्वीर शेयर कर लिखा-'अपडेट, प्रकाश झा अभिनीत 'मट्टो की साइकल' का वर्ल्ड प्रीमियर 25वीं बुसान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2020 में होगा। बीआईएफएफ2020 साउथ कोरिया में 21 से 30 अक्टूबर 2020 तक आयोजित किया जाएगा। इस फिल्म का निर्देशन एम गनी द्वारा किया गया है। फिल्म 'मट्टो की साइकल' एक नई साइकल खरीदने के लिए एक परिवार के संघर्ष की कहानी पर आधारित है। निर्देशक एम गनी ने अपनी फिल्म को लेकर कहा कि मैं प्रतिष्ठित बुसान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल की चयन समिति और प्रकाश झा के प्रति हार्दिक धन्यवाद देता हूं जो मेरे साथ खड़े रहे और कहानी पर विश्वास किया। मैं भाग्यशाली था कि मेरे पास एक अद्भुत टीम थी जिसने इस फिल्म को संभव बनाया और मैं फिल्म से जुड़े प्रत्येक सदस्य को धन्यवाद देता हूं। वहीं फिल्ममेकर प्रकाश झा ने अपने किरदार को लेकर कहा कि मुझे आश्चर्य हुआ जब उन्होंने मुझे मट्टो के लिए संपर्क किया। यह एक खूबसूरत कहानी है, लगभग दिल तोड़ देने वाला..लेकिन मट्टो में जो कुछ भी हूं, वास्तविक जीवन में उससे बिल्कुल विपरीत हूं।



## महारानी लुक में रश्मि आई नजर पहनी साड़ी



बिग बॉस 13 फेम रश्मि देसाई अक्सर सोशल मीडिया पर अपने फोटो और विडियो शेयर करती रहती हैं। हाल ही में उनका का एक महारानी लुक वाली तस्वीर नजर आई हैं, जिस पर लोग खूब कमेंट कर रहे हैं। इस तस्वीर को रश्मि देसाई ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर की। इस तस्वीर शेयर करते हुए उन्होंने लिखा कि मैं कल भी हंस रही थी, मैं आज भी हंस रही हूं और मैं कल भी हंसती रहूंगी, क्योंकि जिंदगी बहुत छोटी है। तस्वीर में रश्मि एक महारानी वाले अंदाज में नजर आ रही हैं। साथ ही वो मुस्कुरा रही हैं। उन्होंने साड़ी के साथ कुछ आभूषण पहन रखे हैं। हालांकि इसमें तस्वीर में वो केवल साड़ी पहने दिख रही हैं। इसको लेकर कई यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। साथ ही एक यूजर ने उनके हंसने वाली बात को भी काटा. यूजर ने उन्हें झूठा बताते हुए कहा कि बिग बॉस के पूरे सीजन को उन्होंने रोते हुए निकाला है। बता दें कि रश्मि देसाई गुजरात के एक छोटे शहर से निकली और गुजरात, भोजपुरी इंडस्ट्री से होते हुए अब टीवी इंडस्ट्री की बड़ी नाम बनी हैं। हाल में उनके 'नागिन 4' में आने को लेकर काफी चर्चा रही। इसके अलावा अब कुछ दूसरे शोज में भी नजर आने वाली हैं।

# स्कूल बंद होने से आपके बच्चों के भविष्य पर क्या पड़ेगा असर?

नई दिल्ली। दुनिया भर में स्कूलों के करीब छह माह से बंद होने के कारण न केवल शैक्षणिक नुकसान हुआ है, बल्कि यह भविष्य में उनकी जीवन भर की आय और आजीविका पर भी असर डालने वाला साबित होगा। आर्थिक सहयोग एवं विकास परिषद (ओईसीडी) और हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट के अनुसार, कक्षा एक से 12 तक के स्कूल बंद होने से इन बच्चों की जीवन भर की आय तीन से 5.6 फीसदी तक कम हो सकती है। पूरे देश को नुकसान की बात करें तो भारत जैसे विकासशील देशों की जीडीपी में 1.5 फीसदी की अतिरिक्त गिरावट आ सकती है। अगर ये स्कूल तुरंत न खोले गए तो नुकसान कहीं ज्यादा होगा। खासकर पिछड़े-वंचित परिवारों के बच्चों की भविष्य में कमाई पर ज्यादा असर पड़ेगा। भारत में भी स्कूल मार्च के मध्य से ही बंद हैं। कई राज्यों में कॉलेज 21 सितंबर से खुल रहे हैं मगर स्कूलों के 30 सितंबर तक खुलने के तो कोई आसार नहीं हैं। ओईसीडी ने कहा कि जिन स्कूलों, परिवारों और बच्चों के पास ऑनलाइन शिक्षा के संसाधन नहीं है, भविष्य में उनकी आय या रोजगार पर ज्यादा असर पड़ेगा।

**कोविड का प्रभाव एक-दो साल नहीं, लंबे समय तक दिखेगा-** भारत में भी कोविड का प्रभाव एक-दो साल नहीं बल्कि लंबे समय तक रहेगा। सेंट्रल स्क्वायर फाउंडेशन की प्रबंध निदेशक श्वेता शर्मा कुकरेजा का कहना है कि बच्चों का एकेडमिक नुकसान तो है ही क्योंकि बच्चे लंबे समय बाद स्कूल आएंगे तो उन्हें शिक्षण से दोबारा जोड़ने में मुश्किलें पेश



आएंगी। शारीरिक, सामाजिक और मानसिक स्तर पर भी बच्चों पर असर पड़ा है। ऐसे में पाठ्यक्रम में बदलाव लाकर, एक-दो साल की लंबी रणनीति बनाकर बच्चों की शैक्षणिक गतिविधि को सामान्य स्तर पर लाया जा सकता है। इससे भविष्य में बच्चों के भविष्य, आजीविका या आय को होने वाले नुकसान से भी बचा जा सकता है। सरकार, स्कूल और अभिभावकों को साथ मिलकर बेहतर तालमेल के साथ दूरगामी रणनीति बनानी पड़ेगी। स्कूल दोबारा खुलें तो उन पर पढ़ाई को पूरा करने के लिए दोहरा दबाव न डाला जाए। देश में 70 फीसदी से ज्यादा निजी स्कूलों की आय काफी कमजोर है, ऐसे में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत नए दिशानिर्देश लाए जाएं।

**स्कूलिंग के इर्द-गिर्द चलती है एक अर्थव्यवस्था-** ओईसीडी की रिपोर्ट हमें सजग करने वाली है। सिर्फ बच्चों के स्तर पर ही नहीं पूरी स्कूलिंग के इर्द-गिर्द एक अर्थव्यवस्था भी चलती है। बच्चों की परिवहन व्यवस्था, स्कूल में खेलकूद और अन्य आयोजन, शिक्षकों के बेहतर वेतन से उनका ज्यादा खर्च जैसी बातें अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाती हैं। सेव द चिल्ड्रेन की डिप्टी डायरेक्टर (शिक्षा) कमल गौर ने कहा कि रिपोर्ट बताती है कि पढ़ने-लिखने और सीखने की पद्धति में बड़ा बदलाव लाना होगा। हमने झारखंड में ही शिक्षकों को यही प्रशिक्षण दिया है कि कैसे वे दोबारा स्कूल लौटें तो कैसे इस छह माह के नुकसान की भरपाई कर सकें। प्राइमरी स्कूलों या आंगनवाड़ी की बात करें तो बच्चों को मिड डे मील के साथ पोषणयुक्त आहार भी मिलता है और इसके अभाव में ड्रॉपआउट भी देखने को मिल सकता है। लॉकडाउन के दौरान बड़े पैमाने पर पलायन को देखते हुए सरकार को ऐसी सुविधा लानी चाहिए ताकि बच्चा साल के बीच कहीं भी जाकर अधूरी पढ़ाई को पूरा कर सके।




# नगर निगम कर्मचारियों के खिलाफ पुलिस के साथ मारपीट का मामला दर्ज

इंदौर। मध्यप्रदेश के इंदौर शहर की आजाद नगर थाना पुलिस ने फेस मास्क नहीं पहनने पर चालान के नाम पर एक पुलिस कर्मचारी के साथ मारपीट और अभद्रता करने के आरोप में नगर निगम के दो कर्मचारियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) हरिनारायणचारी मिश्र ने बताया कि डीआरपी लाइन में तैनात प्रधान आरक्षक सइद खान (51) की ओर से दर्ज करायी गयी शिकायत के अनुसार कल दो लोगों ने उन्हें आजाद नगर चौराहे पर रोका। इसके बाद खुद को इंदौर नगर निगम का कर्मचारी बताते हुए मास्क नहीं पहने होने पर दो सौ रुपये का चालान बनवाने की बात कही।

खान का कहना है कि उन्होंने पहले से ही मुँह पर रुमाल बांधा हुआ था। इसके बावजूद उनके साथ मारपीट और अभद्रता करते हुए दो सौ रुपये वसूले गए। पुलिस ने खान की शिकायत पर कर्मचारी अजीत कल्याणे और राहुल कटारे के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। डीआईजी ने बताया कि घटना के समय पुलिस कर्मचारी ड्यूटी पर जा रहा था। लिहाजा आगामी जांच के बाद आरोपियों के विरुद्ध शासकीय कार्य में बाधा पहुचाने की धाराएं भी बढ़ाई जा सकती हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इससे पहले घटना से जुड़े कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर हुए। इनमें दोनों पक्ष एक दूसरे से मास्क के चालान के नाम पर विवाद करते हुए साफ नजर आ रहे हैं। जिला कलेक्टर मनीष सिंह ने जिले में कोरोना की रोकथाम के उद्देश्य से मास्क नहीं पहनकर सार्वजनिक स्थान पर घूमने वाले नागरिकों के खिलाफ चालान करने का अधिकार नगर निगम के कर्मचारियों को दे दिया है।

# भारत-चीन सीमा पर 6 महीने में नहीं हुई कोई घुसपैठ, पाक सीमा से 47 बार हुई कोशिश: मोदी सरकार

नई दिल्ली। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास सीमा विवाद को लेकर भारत और चीन के बीच पिछले चार महीने से तनाव कायम है। बीते कुछ महीनों में सीमा पर दोनों देशों की सेनाओं के बीच हवाई फायरिंग से लेकर हिंसक झड़प तक देखने को मिली है। इस बीच मोदी सरकार ने बुधवार को संसद में बताया है कि पिछले 6 महीने में भारत-चीन की सीमा पर किसी तरह की घुसपैठ नहीं हुई है। बुधवार को राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने यह जानकारी दी। नित्यानंद राय ने राज्यसभा में बताया कि बॉर्डर पर घुसपैठ को रोकने के लिए सरकार ने काफी कदम उठाए हैं। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर बॉर्डर फेंसिंग, इंटेलिजेंस, ऑपरेशनल कॉर्डिनेशन समेत कई मसलों से पाकिस्तान से हो रही घुसपैठ को रोका गया है।

एक अतारांकित प्रश्न के लिखित जवाब में गृह मंत्रालय ने पाकिस्तान के साथ भारत की सीमा पर घुसपैठ के प्रयासों पर भी जानकारी दी है। इसके मुताबिक, सरकार ने बताया है कि भारत और पाकिस्तान सीमा पर 47 बार घुसपैठ की कोशिश हुई है। सरकार की ओर से जारी लिखित जवाब के मुताबिक, भारत -पाकिस्तान सीमा पर फरवरी में एक भी घुसपैठ की कोशिश नहीं हुई है। वहीं मार्च में चार, अप्रैल में 24, मई में 8 और जुलाई में 11 घुसपैठ की कोशिश हुई है। हालांकि, जून में कोई घटना नहीं सामने आई है। बता दें कि आज संसद के मॉनसून सत्र का तीसरा दिन है।

# यूएई और बहरीन ने इजरायल के साथ ऐतिहासिक शांति समझौते पर किए दस्तखत, ट्रंप ने की मध्यस्थता

**वाशिंगटन।** इजरायल और अरब के दो देशों के बीच उस वक्त ऐतिहासिक मोड़ आया, जब इन तीनों देशों के बीच प्रमुख समझौता हुआ। व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अध्यक्षता में हुए खास समारोह में इजरायल ने राजनयिक संबंध सामान्य करने के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और बहरीन के साथ व्हाइट हाउस में शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, यूएई के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्लाह बिन जैयद अल-नहयान और बहरीन के विदेशी मंत्री अब्दुलातीफ बिन रशीद अल जयानी समझौते के दौरान मौजूद थे।

इस समझौते पर हस्ताक्षर होने के साथ ही यूएई और बहरीन क्रमशः तीसरे और चौथे देश बन गए, जिनका इजरायल के साथ राजनयिक संबंध है। इससे पहले 1979 में मिस्र और 1994 में जॉर्डन ने इजरायल के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि दशकों के लड़ाई, झगड़े और तनाव के बाद अब से मिडिल ईस्ट में नई शुरुआत हुई है। हम आज यहां इतिहास बदलने के लिए आए हैं। इस समझौते को पूरा करने में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का बहुत बड़ा योगदान है और ट्रंप प्रशासन इसे उनकी विदेश नीति की बड़ी उपलब्धि मान रहा है। उन्हें आने वाले राष्ट्रपति चुनाव में इजरायल समर्थक ईसाईयों के समर्थन मिलने की उम्मीद है। 13 अगस्त को इजराइल- यूएई समझौते की घोषणा की गई थी जबकि इजराइल बहरीन समझौते का ऐलान पिछले हफ्ते किया गया है। यूएई और बहरीन का इजरायल के साथ कभी युद्ध नहीं हुआ है और दोनों अरब देशों के इजरायल के साथ गैर आधिकारिक रुप से रिश्ते सालों से विकसित होते आ रहे हैं। इस दौरान नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल, यूएई और बहरीन साझेदारी, समृद्धि और शांति के साथ भविष्य में निवेश करने के लिए उत्सुक हैं।



## कोरोना को लेकर बड़ा दावा: सीजनल वायरस बन सकता है कोविड-19

**बेरुत।** हम सभी कुछ श्वसन वायरस के मौसमी पैटर्न से परिचित हैं। अब वैज्ञानिकों का सुझाव है कि कोविड-19 वायरस के कारण होने वाली बीमारी नरम जलवायु वाले देशों में मौसमी बन जाएगा। उस समय कोविड-19 सीजन भर में प्रसारित होगा। फ्रंटियर्स इन पब्लिक हेल्थ नामक पत्रिका में प्रकाशित ये निष्कर्ष, वायरस को नियंत्रित करने के लिए अभी-अभी जरूरी सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों के महत्व को उजागर करते हैं। कोविड -19 साल भर तक प्रकोप पैदा करता रहेगा जब तक कि उसकी प्रतिरक्षा क्षमता हासिल नहीं हो जाती।

## सीमा पर तनाव जारी: पिछले सप्ताह भारतीय और चीनी सैनिकों ने पैंगोंग झील के उत्तरी तट पर की थी ताबड़तोड़ हवाई फायरिंग

**नई दिल्ली।** पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत और चीन के बीच जारी तनातनी के बीच एक और बड़ी खबर आई है। पिछले सप्ताह पैंगोंग त्सो झील के उत्तरी किनारे पर भारतीय और चीन सैनिकों की ओर से ताबड़तोड़ हवाई फायरिंग की गई थी। यह घटना तब हुई जब भारतीय सेना ने पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ऊंचाई वाले जगह पर अपना नियंत्रण कर लिया था। इस मामले से जुड़े अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। दरअसल, 29-30 अगस्त की रात के बाद से एलएसी पर गोलियां चलाई जाने की यह तीसरी घटना थी। चीन के साथ मौजूदा सीमा टकराव ने 45 सालों में पहली बार एलएसी पर गोलियों की बौछार देखी है। इस तरह से यह पिछले 45 सालों में पहली बार हुआ है, जब एलएसी पर फायरिंग हुई है।

# भूकंप के तेज झटके से फिर हिली नेपाल की धरती, तीव्रता 6.0 मापी गई

**काठमांडू।** भूकंप के तेज झटकों से नेपाली धरती एक बार फिर से हिली है। बुधवार की सुबह नेपाल में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं, जिसकी रिक्टर स्केल पर तीव्रता 6.0 मापी गई है। भूकंप का केंद्र काठमांडू के पूरब में सिंधुपालचौक जिले के रामचे इलाके में था। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, आज सुबह 5.19 मिनट पर यह भूकंप आया। फिलहाल भूकंप से किसी भी तरह के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। भूकंप के झटके बाद लोग सहम गए और अपने घरों से बाहर निकल आए।

इस भूकंप के झटकों ने लोगों को 2015 भूकंप की याद दिला दी। 2015 में भूकंप से बड़ी तबाही हुई थी और करीब 10 हजार लोगों की मौत हुई थी। अभी जो भूकंप आया है, वह ज्यादातर देश के पश्चिमी हिस्से में महसूस किया गया है। 2015 में 7.9 की तीव्रता से जिस भूकंप ने तबाही मचाई थी, उसका भी केंद्र सिंधुपालचौक ही था। इसी जिले में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ था।

**भूकंप आए तो क्या करें-** भूकंप




के दौरान मकान, दफ्तर या किसी भी इमारत में अगर आप मौजूद हैं तो वहां से बाहर निकलकर खुले में आ जाएं। इसके बाद खुले मैदान की ओर भागें।भूकंप के दौरान खुले मैदान से ज्यादा सुरक्षित जगह कोई नहीं होती। भूकंप आने की स्थिति में किसी बिल्डिंग के आसपास न खड़े हों। अगर आप ऐसी बिल्डिंग में हैं, जहां लिफ्ट हो तो लिफ्ट का इस्तेमाल बिल्कुल न करें। ऐसी स्थिति में सीढ़ियों का इस्तेमाल करना ही उचित होता है।भूकंप के दौरान घर के दरवाजे और खिड़की को खुला रखें। इसके अलावा घर की सभी बिजली स्विच को ऑफ कर दें। अगर बिल्डिंग बहुत ऊंची हो और तुरंत उतर पाना मुमकिन न हो तो बिल्डिंग में मौजूद किसी मेज, ऊंची चौकी या बेड के नीचे छिप जाएं। भूकंप के दौरान लोगों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि वो पैनिक न करें और किसी भी तरह की अफवाह न फैलाएं, ऐसे में स्थिति और बुरी हो सकती है।

# बाल्मीकि शक्ति युवा मंच के 1 वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना दिवस के रूप में मनाया

**आगरा से राहुल कुमार की रिपोर्ट**

बाल्मीकि शक्ति युवा मंच की संस्थापक बबलू भाटिया द्वारा आज स्थापना दिवस बाल्मिक वाटिका पार्क में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जिसमें बाल्मीकि शक्ति युवा मंच राष्ट्र की कमान राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नियुक्त कर बॉबी लाली जी को शॉपी और साथी आगरा के नवयुक्त जिला अध्यक्ष राजकुमार करेड़े जी को बनाया । भिन्न-भिन्न शहरों से आए सभी गणमान्य सम्मानित नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई मथुरा अलीगढ़ महाराष्ट्र राजस्थान से लोग उपस्थित रहे आगरा के पूर्व महापौर इंद्रजीत आर्य मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे साथी राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा बताया गया हमारा संगठन निरंतर बाल्मीकि समाज एवं भार वर्ग हर समाज के गरीब असहाय परिवारों में काम कर रहा है और हमने लॉकडाउन के उपरांत काम बकिया समय-समय पर राशन किट से लेकर हर एक जरूरतमंद चीजें उपलब्ध कराएं और निरंतर संगठन का प्रयास है की हर जरूरतमंद संगठन से जोड़कर हित लाभ प्राप्त करे।



## 60 साल में पहली बार मंदी की गिरफ्त में आएगा विकासशील एशिया: एडीबी

**मनीला।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने कहा है कि 2020 में एशिया की विकासशील अर्थव्यवस्थाएं मंदी की गिरफ्त में आएंगी। एडीबी ने मंगलवार को अपने अनुमानों का अपडेट जारी करते हुए कहा कि 60 साल में यह पहला मौका होगा, जबकि विकासशील एशिया की अर्थव्यवस्थाओं में गिरावट आएगी। वहीं एडीबी ने चालू वित्त वर्ष 2020-21 में भारतीय अर्थव्यवस्था में नौ फीसद की गिरावट का अनुमान लगाया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुल मिलाकर यह इस क्षेत्र में 1960 के दशक की शुरुआत के बाद सबसे बड़ी गिरावट होगी।

# बुकर पुरस्कार की दौड़ में भारतीय मूल की लेखिका अवनि दोशी भी शामिल

**लंदन।** दुबई में रहने वाली भारतीय मूल की लेखिका अवनि दोशी का नाम 2020 के बुकर पुरस्कार की दौड़ में शामिल अंतिम छह लोगों की सूची में शामिल है। उनको अपने पहले उपन्यास बर्न्ट शुगर के लिए यह पुरस्कार मिल सकता है। ब्रिटेन या आॅयरलैंड में अक्टूबर 2019 से सितंबर 2020 के बीच प्रकाशित 13 उपन्यासों की सूची के फिर से मूल्यांकन के बाद ज्यूरी ने मंगलवार को लंदन में डिजिटल तरीके से अंतिम छह नामों का चयन किया। नवंबर में दिए जाने वाले इस साहित्यिक पुरस्कार के तौर पर विजेता को 50 हजार ग्रेट ब्रिटेन पाउंड की रकम भी मिलेगी। दोशी की किताब पर ज्यूरी ने कहा, पूरी तरह से पढ़ने के लिए मजबूर करने वाली यह किताब जटिल और असामान्य मां-बेटी के रिश्तों




पर ईमानदारी, बेदाग यथार्थवाद के साथ रोशनी डालती है- कई बार भावनात्मक रूप से निचोड़ने वाली लेकिन भावनाओं को अभिव्यक्त करने वाली भी, मार्मिकता के साथ लिखी गई याद रखने योग्य। अमेरिका में जन्मी दोशी फिलहाल दुबई में रहती हैं और पूर्व में उन्होंने अपने पहले उपन्यास के लंबे सफर के बारे में बात की थी। भारत में इस किताब का पिछले साल गर्ल इन व्हाइट कॉटन के नाम से विमोचन हुआ था और जुलाई में यह ब्रिटेन में जारी की गई थी। बुकर पुरस्कार की दौड़ में दोशी के अलावा द न्यू वाइल्डरनेस के लिए डायने कुक, जिम्बाब्वे की लेखिका टी डंगरेम्बगा, डगलस स्टुअर्ट, ब्रैंडन टायलर और माजा मेंगिस्ते भी शामिल हैं।

# शिंजो आबे के करीबी योशिहिदे सुगा बने जापान के नए प्रधानमंत्री

टोक्यो। जापान की संसद में बुधवार को हुए मतदान में योशिहिदे सुगा को औपचारिक तौर पर नया प्रधानमंत्री चुना गया। उन्होंने शिंजो आबे का स्थान लिया है। स्वास्थ्य कारणों के चलते शिंजो आबे ने बुधवार सुबह प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। सुगा को सोमवार को जापान की सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी का नया नेता चुना गया था और इसके साथ ही उनका प्रधानमंत्री बनना तय हो गया था। मंत्रिमंडल के मुख्य सचिव रहे योशिहिदे सुगा लंबे समय से आबे के करीबी रहे हैं। वह बुधवार को अपने मंत्रिमंडल का चुनाव करेंगे। सुगा किसान के बेटे हैं और अपने दम पर राजनीति में आए। उन्होंने आम लोगों तथा ग्रामीण समुदायों के हितों का ध्यान रखने का वादा किया है। सुगा ने कहा कि वह आबे की अधूरी नीतियों को ही आगे बढ़ाएंगे और उनकी प्राथमिकता कोरोना वायरस से निपटना और वैश्विक महामारी से प्रभावित अर्थव्यवस्था को बेहतर करना होगा। सुगा के आधिकारिक चयन से पहले आबे ने कहा था कि वह एक सांसद के तौर पर सुगा की सरकार का समर्थन करेंगे। सुगा, आबे के करीबी माने जाते हैं और 2006 से उनके समर्थक रहे हैं जब आबे पहली बार प्रधानमंत्री बने थे। तब आबे का कार्यकाल 2006 से 2007 के बीच महज एक साल का था जिसकी वजह उनकी खराब सेहत थी।

# संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र से पहले भारत ने यूएन में दी चीन को मात, दर्ज की लगातार तीसरी जीत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र में हुए चुनाव में चीन को शिकस्त दी है। महासभा की ऐतिहासिक 75वीं सत्र की शुरुआत की पूर्व संध्या पर संयुक्त राष्ट्र में भारत ने चुनावी जीत का हैट्रिक बनाई। कोरोना वायरस के चलते सत्र पहली बार वर्चुअली होने जा रही है। भारत को संयुक्त राष्ट्र की आर्थिक और सामाजिक परिषद की एक प्रतिष्ठित संस्था यूनाइटेड नेशन के कमीशन ऑफ स्टेटस ऑफ वीमेन के सदस्य के रूप में चुना गया है। इस सदस्य के लिए हुए चुनाव में भारत ने चीन को हराया। इस पद का कार्यकाल चार साल के लिए है।

इसके साथ ही भारत ने आर्थिक और सामाजिक परिषद की अन्य निकाय- कमेटी फॉर प्रोग्राम एंड को-ऑर्डिनेशन और कमिशन ऑन पोपुलेशन एंड डेवलपमेंट की दो अन्य सीटें समर्थन के माध्यम से जीती। कार्यकाल 2021 में शुरू होगा जब भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अपना दो साल का कार्यकाल अस्थायी सदस्य के रूप में शुरू करेगा।



संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि टीएस तिरुमूर्ति ने सोमवार को ट्वीट कर इस बात की घोषणा करते हुए कहा, भारत विश्व निकाय की आर्थिक और सामाजिक परिषद की प्रतिष्ठित शाखा पर जीत दर्ज की है। भारत को यूनाइटेड नेशन के कमीशन ऑफ स्टेटस ऑफ वीमेन का सदस्य चुना गया है। यह लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए हमारी प्रतिबद्धता के हमारे सभी प्रयासों का एक महत्वपूर्ण समर्थन है।

इसके बाद दो अन्य निकाय चुनावों के बारे में संयुक्त राष्ट्र में तैनात स्थाई उप-प्रतिनिधि के. नागराज नायडू ने ट्वीट करते मंगलवार को हुए कहा, भारत ने तीन आर्थिक और सामाजिक निकायों पर जीत दर्ज की है। एशिया-प्रशांत समूह से भारत, अफगानिस्तान और चीन की रेस में थे। आर्थिक और सामाजिक परिषद की सभी 54 सदस्यों की वोटिंग से अफगानिस्तान और भारत को 39 और 38 वोट मिले। जबकि चीन को सिर्फ 27 वोट ही मिल पाया और 28 की कट ऑफ टैली में एक वोट से रह गया। अन्य देश जो इससे होकर गुजरे हैं वो है- अर्जेंटिना, ऑस्ट्रिया, डोमिनिकन रिपब्लिक, इजरायल, लातविया, नाइजीरिया, तुर्की और जाम्बिया। सीडब्ल्यूएस के बारे में कहा जाता है कि यह प्रमुख वैश्विक अंतर सरकारी निकाय है। यह अपनी वेबसाइट पर कहता है कि ये लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण के प्रमोशन के लिए खासतौर पर समर्पित है। आर्थिक और सामाजिक परिषद के तौर पर यह जून 1956 में अस्तित्व में आया।

पाकिस्तान को जुलाई में इंग्लैंड दौरे के लिए स्पॉन्सर तक नहीं मिल रहा था, आखिरी मौके पर पेप्सी ने स्थिति संभाली और कॉन्ट्रैक्ट बढ़ा दिया

# पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की तंगहालीः 240 खिलाड़ियों समेत कई अफसरों से कोरोना टेस्ट के मांगे पैसे, बोर्ड के पास लैब और हॉस्पिटल की भी सुविधा नहीं

इस्लामाबाद ■ एजेंसी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की आर्थिक स्थिति खराब होती जा रही है। बोर्ड ने अब घरेलू टूर्नामेंट में खेलने वाले 240 खिलाड़ियों समेत कई अधिकारियों से कोरोना टेस्ट के पैसे तक मांग लिए। सूत्रों की मानें तो बोर्ड के पास कोरोना टेस्ट के लिए लैबोरेटरी और हॉस्पिटल की सुविधा भी नहीं है। दरअसल, पाकिस्तान में 30 सितंबर से रावलपिंडी और मुल्तान में नेशनल टी-20 चैम्पियनशिप शुरू होनी है। इसके पहले खिलाड़ियों और अधिकारियों को शुरूआती दो कोरोना टेस्ट कराना अनिवार्य है। पीसीबी ने कहा कि पहले टेस्ट के लिए पैसे चुकाने होंगे, जबकि दूसरी जांच का खर्च बोर्ड उठाएगा। कोरोना के कारण पाकिस्तान की सभी क्रिकेट सीरीज टल गई। सितंबर में पाक की मेजबानी में होने वाला एशिया कप के टलने से भी बोर्ड का काफी नुकसान हुआ। हालत यह हुई कि पाकिस्तान को जुलाई में इंग्लैंड दौरे के लिए स्पॉन्सर तक नहीं मिल रहा था। इसके बाद पेप्सी और मोबाइल कंपनी ईजी पैसा ने आखिरी मौके पर स्थिति संभाली और कॉन्ट्रैक्ट बढ़ा दिया।

- हाल ही में पीसीबी के एक अधिकारी ने कहा था- बोर्ड की आर्थिक हालत अच्छी नहीं, यही स्थिति रही तो बोर्ड सिर्फ 2 से 3 साल तक चल सकता है
- 7 साल से भारत-पाकिस्तान के बीच सीरीज नहीं हुई, रिपोर्ट्स के मुताबिक इससे पीसीबी को 663 करोड़ का नुकसान हुआ




**पीसीबी ने कर्मचारियों को भी नौकरी से निकाला**

आर्थिक तंगी के चलते पीसीबी ने हाल ही में अपने 5 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था। बोर्ड में इस समय करीब 800 लोग काम करते हैं। सभी के परफॉर्मेंस पर नजर रखी जा रही है। पीसीबी ने गैरजरूरी और खराब परफॉर्मेंस वाले कर्मचारियों को निकालने की पूरी तैयारी कर ली है। इसी दौरान एक पीसीबी अधिकारी ने कहा था कि बोर्ड की आर्थिक हालत अच्छी नहीं है। यदि यही स्थिति रही तो पीसीबी 2 से 3 साल तक चल सकता है।

### भारत से सीरीज नहीं होने पर 663 करोड़ का नुकसान

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो भारत-पाकिस्तान के बीच सीरीज नहीं होने से पीसीबी को करीब 90 मिलियन डॉलर (करीब 663 करोड़ रुपए) का नुकसान हुआ है। दोनों देशों के बीच तनाव के कारण क्रिकेट नहीं खेला जा रहा है।

### 7 साल से नहीं हुई भारत-पाकिस्तान सीरीज

भारत और पाकिस्तान के बीच पिछली बार दिसंबर 2012 में 3 वनडे की द्विपक्षीय सीरीज खेली गई थी। पिछली सीरीज में भारत को अपने ही घर में 1-2 से हार मिली थी। यदि मैच की बात करें तो दोनों टीमों के बीच पिछले साल ही वनडे वर्ल्ड कप में मुकाबला हुआ था। इस मैच में भारतीय टीम ने हर बार की तरह वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ जीत हासिल की थी।

### भारत-पाकिस्तान सीरीज से 1500 से 2 हजार करोड़ रुपए तक की हो सकती है कमाई

हाल ही में पूर्व पाकिस्तानी तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने पाकिस्तान को आर्थिक संकट से निकालने के लिए भारत के साथ सीरीज कराने की बात कही थी। उन्होंने कहा था, मैं चाहता हूं कि इस संकट के समय में भारत-पाकिस्तान के बीच खाली स्टेडियम में मैच होना चाहिए। यदि दोनों देशों के बीच 3 वनडे या टी-20 की सीरीज होती है, तो करोड़ों लोग इसे घर बैठे देखेंगे। कई कंपनियां इस पर खुलकर पैसा लगाएंगी। इससे 200 से 300 मिलियन डॉलर (करीब 1500 से 2 हजार करोड़ रुपए) कमाई हो सकती है, जिसे दोनों देश आधा-आधा रख सकते हैं।

### 2009 में श्रीलंकाई खिलाड़ियों की बस परआतंकी हमले के बाद पाकिस्तान में इंटरनेशनल क्रिकेट बंद

2009 में पाकिस्तान दौरे पर श्रीलंकाई खिलाड़ियों की बस पर आतंकी हमला हुआ था। इसके बाद से पाकिस्तान में आतंकी डर के कारण क्रिकेट बंद है। घर में इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं होने से भी पीसीबी 11 साल से बड़ा आर्थिक नुकसान झेलता आ रहा है। हालांकि, 10 साल बाद 2019 में श्रीलंका टीम ने पाकिस्तान दौरे पर 2 टेस्ट की सीरीज खेली थी।

## न्यूज. ब्रीफ

### पूर्व भारतीय क्रिकेटर सदाशिव रावजी पाटिल का निधन

**मुंबई।** एक टेस्ट मैच में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले पूर्व क्रिकेटर सदाशिव रावजी पाटिल का मंगलवार को कोल्हापुर में उनके आवास पर निधन हो गया। वह 86 बरस के थे और उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटियां हैं। कोल्हापुर जिला क्रिकेट संघ के पूर्व पदाधिकारी रमेश कदम ने पीटीआई को बताया, उनका (पाटिल का) कोल्हापुर की रुईकर कॉलोनी में अपने आवास पर मंगलवार तडके सोते हुए निधन हो गया।ꝛ तेज गेंदबाजी आलराउंडर पाटिल ने 1955 में न्यूजीलैंड के खिलाफ एक टेस्ट मैच में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने हालांकि इसके बाद देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका नहीं मिला। पाटिल ने 1952-1964 के बीच महाराष्ट्र के लिए 36 प्रथम श्रेणी मैचों में 866 रन बनाने के अलावा 83 विकेट चटकाए। उन्होंने रणजी ट्रॉफी में महाराष्ट्र की कप्तानी भी की।

### थॉमस एंड उबेर कप एक साल के लिए टाला साइना सहित कई दिग्गजों ने जताई थी चिंता




**मुंबई।** कोरोना के बीच क्रिकेट, फुटबॉल समेत कई खेल पटरी पर लौट रहे हैं। ऐसे में बैडमिंटन टूर्नामेंट इस साल होते नजर नहीं आ रहे हैं। थॉमस एंड उबेर कप के 3 से 12 अक्टूबर तक डेनमार्क में शुरू होने की उम्मीद थी, लेकिन वह भी एक साल के लिए टल गया है। वर्ल्ड बैडमिंटन फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) मंगलवार को इसकी घोषणा की है। मेन्स सिंगल्स में 13 बार खिताब जीतने वाले इंडोनेशिया समेत कोरिया, थाईलैंड, ऑस्ट्रेलिया, ताईवान, सिंगापुर और हांगकांग जैसे देश पहले ही नाम वापस ले चुके थे। इसको देखते हुए भारतीय स्टार शटलर साइना नेहवाल समेत कई दिग्गजों ने चिंता जाहिर की थी। साइना नेहवाल ने कहा था कि जब 7 बड़े देश नाम वापस ले चुके हैं, तो ऐसे में टूर्नामेंट को कराने का कोई मतलब नहीं होगा। वहीं, बीडब्ल्यूएफ ने 13 से 18 अक्टूबर तक होने वाले डेनमार्क सुपर 750 टूर्नामेंट को भी टाल दिया है। साथ ही डेनमार्क मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट को रद्द कर दिया है। यह टूर्नामेंट 20 से 25 अक्टूबर तक होना था। थॉमस एंड उबेर कप के लिए भारतीय टीम घोषित हो चुकी थी। वर्ल्ड चैम्पियन पीवी सिंधु और पूर्व नंबर-1 खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत भारत के 20 सदस्यीय टीम का नेतृत्व करने वाले थे। इस टीम में साइना नेहवाल और कॉमनवेल्थ गेम्स की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी भी शामिल थे।

### नेट अभ्यास पर लौटे स्मिथ, इंग्लैंड के खिलाफ खेल सकते हैं आखिरी वनडे



**मैनचेस्टर।** आस्ट्रेलिया के कोच जस्टिन लैंगर ने मंगलवार को कहा कि स्टीव स्मिथ मंगलवार को नेट अभ्यास पर लौटेंगे और इंग्लैंड के खिलाफ तीसरा और आखिरी वनडे खेलेंगे। आस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्मिथ को अभ्यास के दौरान कोचिंग स्टाफ का एक थ्रो सिर पर लगा था। वह पहले दो मैच नहीं खेल पाए। लैंगर ने कहा कि स्मिथ ने सोमवार को रनिंग की और वह रिकवरी की राह पर हैं बशर्ते मैच की पूर्व संध्या पर पर्याप्त अभ्यास कर लें। तीसरा और आखिरी वनडे बुधवार को खेला जाएगा। लैंगर ने कहा, हम कनकशन के सारे प्रोटोकॉल का पालन कर रहे हैं। वह सही दिशा में आगे बढ रहा है और उम्मीद है कि कल खेलेगा।

### यूएस ओपन की गलती से बड़ा सीखा सबक : नोवाक जोकोविच



**रोम।** टेनिस के सितारा खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने यहां कहा कि अनजाने में लाइन जज की गर्दन पर गेंद मारने के कारण यूएस ओपन टेनिस स्पर्धा से बाहर होने से उन्होंने बड़ा सबक सीखा। आठ दिन पहले की इस घटना से जोकोविच का 29 मैचों तक चला विजय अभियान भी थम गया था और उनका 18वां ग्रैंडस्लैम जीतने का सपना भी टूट गया। इटैलियन ओपन खेलने के लिए यहां पहुंचे जोकोविच ने कहा, मैं शारीरिक तौर पर जितनी कड़ी मेहनत रहा हूं, उतनी ही मानसिक और भावनात्मक रूप से भी कर रहा हूं। उन्होंने कहा, मैं कोर्ट के अंदर और बाहर अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तित्व पेश करना चाहता हूं। मैं समझता हूं कि मेरे अंदर भावनाओं का ज्वार उमड़ रहा है और मैं हमेशा से इस तरह का इंसान और खिलाड़ी रहा हूं। 33 वर्षीय जोकोविच ने कहा, मैं इसे पूरी गंभीरता के साथ एक बड़े सबक के तौर पर लूंगा। मैं इस बारे में सोच रहा हूं। मैं समझ रहा हूं। मैं अपनी टीम से बात कर रहा हूं। जो कुछ हुआ, वह दुर्भाग्यपूर्ण था। आपको आगे बढ़ना होगा। यूएस ओपन में शीर्ष वरीयता प्राप्त जोकोविच चौथे दौर में पाब्लो कारेनो बुस्टा के खिलाफ मैच के दौरान अयोग्य घोषित कर दिए गए थे। उन्होंने इसके तुरंत बाद कोर्ट छोड़ दिया था।

आईपीएल की तैयारी देखकर गांगुली खुशःबीसीसीआई अध्यक्ष शारजाह स्टेडियम पहुंचे

# कोरोना वायरस से निपटने और बायो-सिक्योर माहौल में खेल की तैयारियों का लिया जायजा

- आईपीएल कोरोना के कारण यूएई में 19 सितंबर से 10 नवंबर तक होना है
- सभी 60 मैच दुबई (24), अबु धाबी (20) और शारजाह (12) में होंगे
- टूर्नामेंट में 20 हजार कोरोना टेस्ट के लिए बीसीसीआई 10 करोड़ रुपए खर्च करेगा




दुबई ■ एजेंसी

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली आईपीएल की तैयारियों को देखकर खुश नजर आए हैं। वे सोमवार को यूएई के शारजाह स्टेडियम में पहुंचे थे। आईपीएल कोरोना के कारण यूएई में 19 सितंबर से 10 नवंबर तक होना है। सभी 60 मैच दुबई (24), अबु धाबी (20) और शारजाह (12) में होंगे। गांगुली ने शारजाह स्टेडियम में कोरोना से निपटने और बायो-सिक्योर माहौल में खेल की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि युवा खिलाड़ी उस क्रिकेट मैदान में खेलने को लेकर उत्सुक हैं, जहां सुनील गावसकर और सचिन तेंदुलकर जैसे महान खिलाड़ियों ने इतिहास रचा है। इस अवसर पर गांगुली ने कहा कि युवा खिलाड़ी उस क्रिकेट मैदान में खेलने को लेकर उत्सुक हैं, जहां सुनील गावसकर और सचिन तेंडुलकर जैसे महान खिलाड़ियों ने इतिहास रचा था। हाल में शारजाह स्टेडियम में बड़े पैमाने पर नवीनीकरण का कार्य किया गया है जिसमें नई कृत्रिम छत लगाना, रॉयल सुइट को अपग्रेड करने के अलावा कॉमेंट्री बॉक्स और हॉस्पिटैलिटी बॉक्स को कोविड-19 से जुड़े नियमों के अनुसार तैयार करना शामिल है।

गांगुली के साथ इस दौरान आईपीएल चेयरमैन बृजेश पटेल, पूर्व आईपीएल प्रमुख राजीव शुक्ला और आईपीएल सीओओ हेमंग अमीन भी मौजूद थे। इस दौरान बीसीसीआई कोषाध्यक्ष अरुण धूमल, बीसीसीआई संयुक्त सचिव जयेश जॉर्ज और मुबासिर उस्मानी के अलावा एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड के महाप्रबंधक भी मौजूद थे। शारजाह को आईपीएल के आगामी सत्र में 12 मैचों की मेजबानी करनी है।

### कोरोना के बीच मैच के लिए शारजाह स्टेडियम तैयार

हाल में शारजाह स्टेडियम में बड़े पैमाने पर कई बड़े काम किए गए हैं। इसमें आर्टिफिशियल छत लगाना, रॉयल सुइट को अपग्रेड करना के अलावा कॉमेंट्री बॉक्स और हॉस्पिटैलिटी बॉक्स को कोरोना से जुड़े नियमों के अनुसार तैयार किया गया है।

### आईपीएल में करीब 20 हजार कोरोना टेस्ट होना है

इस बार टूर्नामेंट के हर 5वें दिन खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ का कोरोना टेस्ट किया जाएगा। कुल 20 हजार जांच होंगी। इसके लिए बीसीसीआई 10 करोड़ रुपए खर्च करेगा। बुधवार तक 3500 टेस्ट हो चुके हैं। आईपीएल का पहला मुकाबला डिफेंडिंग चैम्पियन मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच 19 सितंबर को खेला जाएगा।

### आईपीएल सीजन 13 का पाकिस्तान को छोड़कर 120 देशों में सारे मैचों का सीधा प्रसारण होगा



दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग आईपीएल के 13वें सीजन का लाइव टेलीकास्ट 120 देशों में किया जाएगा। स्टार इंडिया के पास टूर्नामेंट के प्रसारण अधिकार है। भारत में हिंदी और इंग्लिश के अलावा स्थानीय भाषाओं में भी प्रसारण होगा। इनमें तमिल, तेलुगू, कन्नड़, बांग्ला, मलयालम और मराठी शामिल है। दर्शक हॉटस्टार पर मैच की लाइव स्ट्रीमिंग देख सकते हैं। हालांकि, इसके लिए यूजर को प्रीमियम मेंबरशिप की जरूरत होगी। यूके-आयरलैंड में स्काई स्पोर्ट्स, अमेरिका-कनाडा में विलो टीवी जबकि ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड में फॉक्स स्पोर्ट्स पर मैच देख सकते हैं। वहीं, पाकिस्तान में टूर्नामेंट का लाइव प्रसारण नहीं होगा। इसके साथ ही अफगानिस्तान और बांग्लादेश में प्रसारण के लिए स्टार स्थानीय ब्रॉडकास्टर्स से बात कर रहा है। राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज डेविड मिलर ने चेन्नई के कप्तान धोनी की मैच फिनिश करने की काबिलियत पर कहा, मैं उनका कायल हूं। वे जैसे शांत रहते हैं, आपको लगता है कि सब कुछ कंट्रोल में है। बल्लेबाज के रूप में उनकी ताकत और कमजोरियां हैं और मेरी भी। मैं उनकी तरह मैच फिनिश करना चाहता हूं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का कहना है कि कप्तान विराट कोहली अपनी कड़ी मेहनत से टीम के अन्य खिलाड़ियों के लिए उदाहरण सेट करते हैं। उन्होंने कहा, जब कप्तान आगे से लीड करता है तो उसे फॉलो करना आसान होता है। मैं अभी सबसे अच्छा महसूस कर रहा हूं और मैदान पर जाने के लिए तैयार हूं। हमारे पास पर्याप्त बैकअप है। बैटिंग, बॉलिंग, फील्डिंग सभी में ऑप्शन है।

## आईपीएल में अब तक दो दर्जन खिलाड़ियों को मिली ऑरेंज और पर्पल कैप

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2020) के आगाज में महज सिर्फ 5 दिन शेष है। सभी खिलाड़ी पूरी तरह से तैयारियों में जुट गए हैं। हालांकि इस बार कोरोना का असर आईपीएल पर साफ साफ नजर आने वाला है। इस महामारी के कारण ही आईपीएल के 13वें सीजन का आयोजन यूएई में किया जा रहा है। वहीं आईपीएल के इतिहास में ऐसा पहली बार होगा, जब स्टेडियम में एक भी दर्शक नहीं होंगे। सभी मैच बायो बबल में आयोजित होंगे। दुनिया की सबसे बड़ी टी20 लीग में से एक आईपीएल में इस बार काफी कुछ बदला हुआ नजर आने वाला है। मैदान के अंदर और बाहर सब कुछ नया सा नजर आने वाला है। लीग में अगर कुछ पुराना रहेगा तो वो है टीम में जीत हासिल करने की ललक और खिलाड़ियों में ऑरेंज कैप और पर्पल कैप हासिल करने का मुकाबला। हर सीजन सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी को ऑरेंज कैप और सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले को पर्पल कैप दी जाती है।



- आईपीएल-2008: पहले सीजन में किंग्स इलेवन पंजाब के शॉन मार्श ने 616 रन बनाकर ऑरेंज कैप हासिल की थी। वहीं राजस्थान रॉयल्स के सोहेल तनवीर 22 विकेट के साथ पर्पल कैप विजेता रहे थे। शेन वॉटसन मैन ऑफ द टूर्नामेंट रहे थे।
- साल-2009 में चेन्नई सुपर किंग्स के मैथ्यू हेडन 572 रनों के साथ ऑरेंज कैप हासिल करने में सफल रहे। जबकि 23 विकेट के साथ डेक्कन चार्जर्स के आरपी सिंह के सिर पर पर्पल कैप सजी। एडम गिलक्रिस्ट मैन ऑफ द टूर्नामेंट रहे थे।
- साल-2010 में मुंबई इंडिसंस के सचिन तेंदुलकर के सिर पर ऑरेंज कैप सजी। तेंदुलकर ने आईपीएल के तीसरे सीजन में 618 रन बनाए थे। वहीं डेक्कन के प्रज्ञान ओझा 21 विकेट के साथ पर्पल कैप के विजेता रहे। सचिन तेंदुलकर मैन ऑफ द टूर्नामेंट रहे थे।
- साल-2011 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के क्रिस गेल ने 608 रन बनाकर ऑरेंज कैप हासिल की, जबकि पर्पल कैप हासिल करने वाले लसित मलिंगा ने कुल 28 विकेट लिए। क्रिस गेल मैन ऑफ द टूर्नामेंट रहे।
- साल-2012: इस सीजन भी ऑरेंज कैप क्रिस गेल को ही मिली। गेल ने आईपीएल के किसी एक सीजन में सर्वाधिक 733 रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया था। वहीं दिल्ली कैपिटल्स के मोर्न मॉर्केल ने 25 विकेट लेकर पर्पल कैप हासिल की। मैन ऑफ द टूर्नामेंट सुनील नरेन को मिला।
- साल-2013 में ऑरेंज कैप के हकदार माइल हसी रहे, जिन्होंने 733 रन बनाए। हालांकि वह गेल का रिकॉर्ड तोड़ने से चूक गए। 32 विकेट के साथ चेन्नई सुपर किंग्स के ड्वेन ब्रावो के सिर पर्पल कैप सजी। शेन वॉटसन मैन ऑफ द टूर्नामेंट रहे।
- साल-2014: कोलकाता नाइट राइडर्स के रॉबिन उथप्पा ने 660 रन बनाकर ऑरेंज कैप हासिल की। वहीं पर्पल कैप 23 विकेट लेने वाले मोहित शर्मा को मिली। ग्लेन मैक्सवेल मैन ऑफ द टूर्नामेंट रहे।
- साल-2015 में सनराइजर्स हैदराबाद के डेविड वॉर्नर को 562 रनों के लिए ऑरेंज कैप दी गई, जबकि ड्वेन ब्रावो ने 26 विकेट लेकर पर्पल कैप हासिल की। आंद्रे रसेल मैन ऑफ द टूर्नामेंट रहे।
- साल-2016 में स्टार खिलाड़ी रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के कप्तान विराट कोहली ने पिछले सभी रिकॉर्ड को तोड़ते हुए ऑरेंज कैप हासिल किया। कोहली ने 2016 के सीजन में 973 रन जड़े थे। वहीं पर्पल कैप 23 विकेट लेने वाले सनराइजर्स हैदराबाद के भुवनेश्वर कुमार को मिली। विराट कोहली ही मैन ऑफ द टूर्नामेंट बने थे।
- साल-2017 में 641 रन बनाकर डेविड वॉर्नर ऑरेंज कैप हासिल करने में सफल रहे, जबकि 26 विकेट के साथ भुवनेश्वर कुमार फिर से पर्पल कैप के हकदार बने। बेन स्टोक्स मैन ऑफ द टूर्नामेंट रहे।
- साल-2018 सनराइजर्स हैदराबाद के केन विलियमसन 735 रनों के साथ ऑरेंज कैप के विजेता रहे, जबकि 24 विकेट के साथ एंड्र्यू टाइ के सिर पर्पल कैप सजी। सुनील नरेन मैन ऑफ द टूर्नामेंट रहे
- साल-2019 में आईपीएल के पिछले सीजन डेविड वॉर्नर ने 692 रन बनाकर ऑरेंज कैप हासिल की, जबकि 26 विकेट के साथ इमरान ताहिर पर्पल कैप के हकदार बने। आंद्रे रसेल मैन ऑफ द टूर्नामेंट रहे।

### जाने-माने फिल्डर जोंटी रोड्स पंजाब टीम को सिखा रहे फील्डिंग के गुर



साउथ अफ्रीका के पूर्व लीजेंड जोंटी रोड्स इन दिनों इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में किंग्स इलेवन पंजाब को फील्डिंग के गुर सिखा रहे हैं। इस दौरान 51 साल के दिग्गज ने प्रैक्टिस सेशन में हवा में गोता लगाकर कैच लपका और कई युवाओं को चौंका दिया। जोंटी का फील्डिंग सिखाते हुए वीडियो फ्रेंचाइजी ने ट्विटर पर शेयर किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा- क्या आपने ऐसा कैच पकड़ा है इस पर कमेंट करते हुए कई यूजर्स ने उनकी तारीफ की। इस बार आईपीएल कोरोना के कारण यूएई में 19 सितंबर से 10 नवंबर तक होना है। किंग्स इलेवन पंजाब का पहला मुकाबला 20 सितंबर को दिल्ली कैपिटल्स के साथ होगा। टीम अब तक खिताब नहीं जीत सकी है। उसने एक बार 2014 में फाइनल खेला है। जोंटी क्रिकेट जगत में बेस्ट फील्डर के तौर पर जाने जाते हैं। उन्होंने 52 टेस्ट में 2532 और 245 वनडे में 5935 रन बनाए हैं। 2003 वर्ल्ड कप के बाद उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

## जून तिमाही में मकानों के दाम दो प्रतिशत घटे, मूल्य वृद्धि रैंकिंग में रहा 54वां स्थान

नयी दिल्ली ■ एजेंसी

मकानों की कीमत वृद्धि के मामले में भारत की रैंकिंग अप्रैल-जून तिमाही में 11 स्थान गिरकर 54 रह गयी। इस तिमाही के दौरान भारत में मकानों के दाम पिछले साल की इसी तिमाही के मुकाबले करीब दो प्रतिशत नीचे आ गये। इससे पहले 2020 की पहली तिमाही जनवरी-मार्च में भारत 43वें स्थान पर था।

वैश्विक संपत्ति सलाहकार कंपनी नाइट फ्रैंक की ह्यग्लोबल हाउस प्राइस इंडेक्स अप्रैल-जून 2020' में 56 देशों की रैंकिंग की गई है। रिपोर्ट में देश की रैंकिंग गिरने की बड़ी वजह अप्रैल-जून तिमाही में आवासों की कीमत पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 1.9 प्रतिशत गिरना बतायी गयी है। वर्ष 2019 की इसी अवधि से तुलना करने पर वर्ष 2020 की दूसरी तिमाही में वार्षिक रैंकिंग में तुर्की सबसे ऊपर रहा। यहां आवास कीमत में सालाना आधार पर 25.7 प्रतिशत की बढ़त देखी गयी। इसके बाद 13.9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ लक्जमबर्ग और 12.4 प्रतिशत की बढ़त के साथ लिथुआनिया तीसरे स्थान पर रहा। समीक्षावधि में सबसे बुरा प्रदर्शन हांगकांग का रहा। यहां आवास की कीमत में सालाना आधार पर 2.8 प्रतिशत की गिरावट रही। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिशिर बैजल ने कहा कि देश के अधिकतर बाजारों में आवास क्षेत्र कमजोर मांग से जूझ रहा है। कोविड-19 महामारी से वैश्विक अर्थव्यवस्था में नरमी ने रियल एस्टेट क्षेत्र पर बुरा असर डाला है।

अवसर — फ्लिपकार्ट की पूरी आपूर्ति श्रृंखला में प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे

## बिग बिलियन डेज से त्योहारों के दौरान 70 हजार लोगों को मौसमी रोजगार मिलेगाः फ्लिपकार्ट

नयी दिल्ली ■ एजेंसी

वालमार्ट के स्वामित्व वाले फ्लिपकार्ट ने मंगलवार को कहा कि त्योहारी मौसम से पहले और उसके बिग बिलियन डेज (बीबीडी) बिक्री के दौरान देश में 70,000 से अधिक लोगों को त्योहारी मौसम में प्रत्यक्ष रोजगार और लाखों लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। बेंगलुरु स्थित कंपनी ने कहा कि फ्लिपकार्ट की पूरी आपूर्ति श्रृंखला में प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे, जबकि खुदरा दुकानों और बिक्री साझेदार केंद्रों में अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा होंगी।कंपनी ने एक बयान में कहा कि त्योहारी मौसम के दौरान बिक्री स्थानों से लेकर माल ढुलाई भागीदारों सहित सभी सहायक उद्योगों में रोजगार के मौके तैयार होंगे। त्योहारी बिक्री के दौरान कारोबार का एक बड़ा हिस्सा ई-कॉमर्स कंपनियों के खाते में जाता है और वे इस मौके का फायदा उठाने के लिए अपनी क्षमता बढ़ाने पर काफी निवेश करती हैं। पिछले साल फ्लिपकार्ट और उसकी प्रतिस्पर्धी कंपनी अमेजन ने त्योहारी बिक्री के दौरान 1.4 लाख से अधिक अस्थायी नौकरियों के सृजन की घोषणा की थी। फ्लिपकार्ट ने कहा कि वह त्योहारी बिक्री के दौरान क्षमता, भंडारण, छंटाई, पैकेजिंग, मानव संसाधन, प्रशिक्षण और वितरण के लिए भारी निवेश करतीं हैं, जो त्योहारी मौसम के दौरान अतिरिक्त रोजगार पैदा करने में मददगार है। फ्लिपकार्ट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (ई-कार्ट और मार्केटप्लेस) अमितेश झा ने कहा, ह्यह्यहम एक प्रभावशाली साझेदारी बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जो पूरे पारिस्थितिक तंत्र को आगे बढ़ने का मौका देता है।ह्वह्व एक अलग बयान में फ्लिपकार्ट ने कहा कि वह अब ग्राहकों को वस्तु एवं सेवा कर पहचान संख्या (जीएसटीआईएन) पर चालान पाने में सक्षम बनाएगी, ताकि वे अपनी खरीद पर इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा कर सकें।



# अन्न उत्सवः बाबा साहब अम्बेडकर के विचारों पर चलकर सरकार ने योजनायें बनाई हैं: सांसद वी डी शर्मा





## केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं ने बेसहाराओं को सहारा दिया है - ऊर्जा मंत्री श्री तोमर, जिले के 21 हजार 126 नए हितग्राहियों को मिली पात्रता पर्ची एवं राशन किट

**ग्वालियर ।** सम्पूर्ण प्रदेश के साथ आज ग्वालियर जिले में भी अन्न उत्सव मनाया गया। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल से इस प्रदेशव्यापी महाअभियान की शुरूआत की। यहाँ बाल भवन में अन्न उत्सव के तहत आयोजित हुए कार्यक्रम में सांसद एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री वी डी शर्मा तथा ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने प्रतीक स्वरूप लगभग दो दर्जन हितग्राहियों को खाद्यान्न पर्ची एवं राशन किट प्रदान कर जिले में अन्न उत्सव का शुभारंभ किया। सांसद श्री वी डी शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने बाबा साहब अम्बेडकर के विचारों पर चलकर गरीबों के कल्याण के लिये योजनायें बनाई हैं। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा शुरू की गईं जनहितैषी योजनायें बेसहाराओं का सहारा बनी हैं।

अभियान के तहत जिले भर में 21 हजार 126 नए हितग्राहियों को खाद्यान्न पर्ची एवं राशन किट वितरित की गईं। इन सभी परिवारों को खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत एक रूपए प्रतिकिलो गेहूँ अथवा चावल, एक रूपए लिटर केरोसीन तथा एक रूपए प्रतिकिलो के हिसाब से चना (दाल) मिलना शुरू हो गई है। सांसद एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री वी डी शर्मा ने कहा कि देश का समग्र विकास तभी संभव है जब गरीबों का जीवन स्तर ऊँचा होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इस बात को भलीभाँति समझा है। इसीलिए केन्द्र व राज्य सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहारा देने एवं उनका जीवन स्तर ऊँचा उठाने के लिये तमाम कल्याणकारी योजनायें बनाई हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हाल ही में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश के लगभग पौंने दो लाख लोगों को पक्के घरों में गृह प्रवेश कराया है। उन्होंने कहा इस योजना के तहत देशभर में लगभग 3 करोड़ लोगों को पक्के घर दिए गए हैं। सांसद श्री शर्मा ने कहा कि इसी तरह उज्ज्वला योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को निश्शुल्क गैस कनेक्शन देकर उनका जीवन ऊँचा उठाया है। उन्होंने कहा जन-धन जैसी योजनाओं से क्रांतिकारी बदलाव आए हैं। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि देश व प्रदेश में जन हितैषी सरकारें काबिज हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में राज्य सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के कल्याण के लिये एक से बढ़कर एक योजनायें बनाई हैं। उन्होंने कहा कि एक रूपए प्रतिकिलो अनाज मिलने से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बड़ी राहत मिली है। श्री तोमर ने इस अवसर पर कार्यक्रम में मौजूद मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना के नए हितग्राहियों को संकल्प दिलाया कि एक रूपए प्रतिकिलो के हिसाब से खाद्यान्न मिलने से आपका जो पैसा बचेगा, उसे अपने बच्चों की पढ़ाई पर खर्च करें। उन्होंने इस अवसर पर यह भी कहा कि सरकार ने उपभोक्ताओं के अगस्त माह तक के बिजली बिल स्थगित कर दिए हैं। अब इससे आगे के महीने के ही बिल उपभोक्ताओं को अदा करने होंगे। श्री तोमर ने कहा ग्वालियर के औद्योगिकीकरण में तेजी लाने के प्रयास भी सरकार द्वारा पूरी शिद्दत के साथ किए जा रहे हैं। पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल ने कहा कि एक रूपए प्रतिकिलो खाद्यान्न देने की योजना गरीबों के लिये वरदान साबित हो रही है। उन्होंने बिजली के पिछले बिल स्थगित करने के लिये सरकार के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम में सर्वश्री विष्णु राजौरिया, लोकेन्द्र पाराशर व कमल माखीजानी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह मंचासीन थे।

**राशन किट मिलने पर देखते ही बनी नए हितग्राहियों की खुशी**–एक रूपए प्रति किलोग्राम खाद्यान्न के लिये पात्रता पर्ची और राशन किट मिली तो नए हितग्राहियों की खुशी देखते ही बन रही थी। संजय नगर काली माता मंदिर निवासी श्रीमती सुमंती जाटव, गनीवाला मोहल्ला निवासी श्रीमती रंजना नामदेव, पान पत्ते की गोठ के श्री पवन यादव, आर्मी बजरिया के श्री संजय, नाका चंद्रबदनी निवासी श्री भगवानलाल साहू व कम्पू निवासी श्री राधेश्याम का कहना था कि कोरोना संकट के बाद हम सबकी कमाई भी काफी कम हो गई। जाहिर है परिवार के लिये राशन की व्यवस्था करना बड़ी चुनौती बन गई थी। ऐसी विपरीत परिस्थिति में प्रदेश सरकार ने हमें खाद्यान्न पर्ची मुहैया कराकर हम सबकी चिंता दूर कर दी है। सभी हितग्राही मुख्यमंत्री श्री चौहान को दुआएँ देते नहीं थक रहे थे।

# मप्र राज्य खेल अकादमी के खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों के लिए होगा मेंटल वैलनेस प्रोग्राम

## सिंगापुर की स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट 21 सितंबर से 11 अक्टूबर के मध्य देंगी प्रशिक्षण

**ग्वालियर ।** खिलाड़ियों को हर स्थिति में चाहे वह खेल का मैदान हो जहां हार-जीत का फैसला होता है, चाहे पढ़ाई, कैरियर या फिर कोरोना जैसी महामारी की स्थिति हो, ऐसे में वे अपने शारीरिक संतुलन और मानसिक अवस्था को कैसे बेहतर बना सकते हैं। इस संबंध में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया मध्यप्रदेश में हाई परफॉर्मेंस साइंस सेंटर के क्षेत्र में कार्य कर रहे अंतर्राष्ट्रीय पूर्व ओलंपियन शूटर श्री अभिनव बिंद्रा की संस्था के साथ वेबिनार के माध्यम से विभिन्न विषयों पर लगातार चर्चारत है।

इसी श्रृंखला में मंगलवार को टीटी नगर स्टेडियम में श्रीमती सिंधिया ने प्रदेश के स्पोर्ट्स साइंटिस्ट व राज्य अकादमी के प्रशिक्षकों के साथ वेबीनार के माध्यम से अभिनव बिंद्रा संस्था के प्रतिनिधियों से चर्चा की। श्रीमती सिंधिया ने कहा कि वर्तमान में खेलों में आधुनिक खेल विज्ञान की तकनीकों का इस्तेमाल और उसकी जानकारी न सिर्फ खिलाड़ी बल्कि पहले प्रशिक्षकों को होनी चाहिए। यह प्रयास इसमें सार्थक सिद्ध होगा। इसके लिए सिंगापुर की हाई परफारमेंस स्पोर्ट्स साईकोलॉजिस्ट सुश्री संजना किरण मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों तथा स्पोर्ट्स लीडर्स को प्रशिक्षित करेंगी। सिंगापुर की स्पोर्ट्स साईकोलॉजिस्ट डॉ. संजना किरण 21 सितंबर से 11 अक्टूबर के मध्य विभिन्न चरणों में यह प्रशिक्षण वेबीनार के माध्यम से करेंगी।

अभिनव बिन्द्रा फाउंडेशन के हाई परफारमेंस डायरेक्टर डॉ. दिगपाल सिंह राणावत ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से स्पोर्ट्स साइंस की नई तकनीकों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि अभिनव बिन्द्रा टारगेट परफारमेंस सेंटर छह स्थानों पर स्थापित है। इनमें मोहाली, दिल्ली, पुणे, ओड़िसा, गुड़गाँव और बेंगलुरू शामिल है। श्री राणावत ने बताया कि इन सेंटरों के माध्यम से पाँच लाख से ज्यादा खिलाड़ियों को उनके द्वारा मदद दी गई हैं। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन एथलीट डेवलपमेंट के लिए कार्यरत है। वे कोच ऐज्यूकेशन, एथलीट एसेसमेंट एण्ड टेस्टिंग, इंज्यूरी एण्ड रीहेब्लीटेशन के क्षेत्र में नवीन तकनीकों के साथ कार्य कर रहे है। उन्होंने ओड़िशा की केस स्टडी के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि उनका फाउण्डेशन विश्व के सबसे आधुनिक खेल विज्ञान की तकनीकों को भारत में लाया है। जिसमें आईसोकायनेटिक मशीन, ईएमएस (इलेक्ट्रो मायो स्टीमुलेशन), आईसबाथ, एथलीट मैजेनमेंट सिस्टम किंडक्ट, गेम्स स्पेसिफिक टैलेंट आई.डी. सिस्टम प्रमुख हैं।

# प्रत्येक गरीब को मिलेगा सस्ता राशन : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

## ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र के 525 हितग्राहियों को वितरित की राशन की पात्रता पर्ची

**ग्वालियर।** शहर के सभी गरीबों को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा सस्ता राशन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उक्त आशय के विचार प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने आज बुधवार को हजीरा स्थित इंटक मैदान में ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों को पात्रता पर्ची वितरण करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष भाजपा श्री बी डी शर्मा सहित अनेक समाजसेवी एवं नागरिक गण उपस्थित रहे। हजीरा स्थित इंटक मैदान में आयोजित पात्रता पर्ची वितरण कार्यक्रम के दौरान ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी वार्डो से 25 - 25 हितग्राहियों का चयन कर कुल 525 हितग्राहियों को टोकन के रूप में पात्रता पर्ची का वितरण किया गया । इसके साथ ही शेष सभी हितग्राहियों को पात्रता पर्ची उनकी संबंधित राशन की दुकान से ही प्राप्त हो जाएगी।

इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने कहा कि प्रदेश के



मुख्यमंत्री समाज के सभी वर्गों का ध्यान रख रहे हैं उनकी प्राथमिकता है कि प्रदेश के सभी गरीबों को सस्ता राशन मिले सभी पात्र हितग्राहियों को जनकल्याणकारी पेंशन मिले इसके साथ ही अन्य सभी मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिले, इसके लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शहर में लगातार विकास कार हो रहा है और आगे भी निरंतर विकास कार्य जारी रहेंगे। सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष भाजपा श्री बीडी शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने यह निश्चित किया है कि पूरे देश एवं मध्य प्रदेश में कोई भी गरीब किसी भी प्रकार से वंचित नहीं रहेगा चाहे वह आवास की सुविधा हो या राशन की सुविधाओं या रसोई गैस की सुविधा हो सभी पात्र गरीबों को सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि आज मध्य प्रदेश में 37 लाख लोगों को पात्रता पर्ची का वितरण कर सस्ता राशन उपलब्ध कराने का कार्य किया गया है जोकि अपने आप में एक रिकॉर्ड है। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि ग्वालियर शहर के विकास में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी विकास के सभी का कार्य निरंतर चलते रहेंगे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल मखीजानी, भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री लोकेंद्र पाराशर, पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष श्री जय प्रकाश राजोरिया, श्री जितेंद्र गुर्जर, श्री ओम प्रकाश शेखावत सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक गण उपस्थित रहे।

### ऊर्जा मंत्री श्री तोमर आज विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे

**ग्वालियर।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर 17 सितम्बर को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मंत्री श्री तोमर प्रातः 9 बजे बरा गाँव में विद्युतीकरण एवं सिद्धबाबा की पहाड़िया पर सीसी रोड़ का भूमिपूजन करने पहुँचेंगे। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट ग्वालियर में आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को दुग्ध वितरण एवं लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 1.30 बजे संजीवनी क्लीनिक जाटव मोहल्ला मरीमाता महलगाँव में मास्क वितरण कार्यक्रम में भाग लेंगे। अपरान्ह 3 बजे विद्या भारती स्कूल ऊषा किरन पैलेस के सामने विद्या भारतीय स्कूल मजदूर संघ द्वारा आयोजित विश्वकर्मा जयंती कार्यक्रम में शामिल होंगे। मंत्री श्री तोमर अपरान्ह 4 बजे श्याम वाटिका बिरलानगर पुल के पास भारतीय मजदूर संघ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में पहुँचेंगे। सायंकाल 5 बजे वार्ड 4 ओमनगर में सीसी रोड़ का भूमिपूजन एवं सायंकाल 6 बजे वार्ड 5 बदनापुरा में सीसी रोड़ का भूमिपूजन करेंगे।

### गरीब कल्याण सप्ताह एवं पोषण माह का शुभारंभ आज

**ग्वालियर।** गरीब कल्याण सप्ताह (16 से 20 सितम्बर 2020) एवं पोषण माह (एक से 30 सितम्बर 2020) अंतर्गत पोषण सरकार की अवधारणा का शुभारंभ 17 सितम्बर 2020 को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किया जा रहा है। इस क्रम में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन ग्वालियर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से किया गया है। कार्यक्रम में जिला स्तरीय समेकित स्वास्थ्य एवं पोषण कार्ययोजना का विमोचन किया जायेगा।

# डॉ. सिकरवार के नेतृत्व में लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की

**लच्छीराम जाटव एवं चन्द्रप्रकाश बरैया को आर्थिक सहायता प्रदान की**

**क्षेत्र में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हुआ जोरदार स्वागत**

**दाल बाजार व्यापार समिति ने किया सम्मान**

ग्वालियर। वरिश्ठ कॉग्रेस नेता एवं जन उत्थान न्यास के अध्यक्ष डॉ. सतीष सिंह सिकरवार के नेतृत्व में 16 ग्वालियर पूर्व निवासी सैकड़ो लोगों ने विभिन्न कार्यक्रमों में कॉग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। डॉ. सतीष सिंह सिकरवार ने अम्बेडकर पार्क में बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया एवं कार्यक्रम में मौजूद सभी बुर्जुगों का सम्मान किया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुये डॉ. सिकरवार ने कहा कि जिसने आपके मत और विष्वास को बेचकर विष्वासघात किया है, उसे माफ नही किया जा सकता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेष सोलंकी, गब्बर सिंह रजक, सुनील रमपुरिया एवं क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।दाल बाजार व्यापार समिति ने किया सम्मानः- आज मनीश वलेचा एवं दाल बाजार व्यापार समिति के सौजन्य से दाल बाजार में बैठक रखी गई, बैठक में







दाल बाजार के सभी व्यापारी बन्धु मौजूद रहे। दाल बाजार व्यापार समिति ने डॉ. सिकरवार का पुश्पहार पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया।

लच्छीराम एवं चन्द्रप्रकाष को दी आर्थिक सहायताः- गत् दिवस लच्छीराम जाटव एवं चन्द्रप्रकाष बरैया के पुत्रों का निधन हो गया था। जब इस घटना की जानकारी डॉ. सिकरवार को मिली तो वहा उनके निवास पर पहुँच कर षोक संवेदना व्यक्त की एवं दोनो परिवारों को 10-10 हजार की सहायता राषि प्रदान की। इस अवसर पर डॉ. सिकरवार के साथ सुधीर मण्डेलिया, सुनील रमपुरिया, गोपाल चौधरी, बबलू सोन मौजूद रहे।

# निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2021 का कार्यक्रम जारी

ग्वालियर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश राज्य में निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2021 का कार्यक्रम जारी किया गया है, जिसके अनुसार एक जनवरी, 2021 की अर्हता तिथि को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पात्र व्यक्तियों का नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज किया जायेगा। आयोग के निर्देशानुसार पुनरीक्षण पूर्व की गतिविधियों में अनुभाग/मतदान-केन्द्र के क्षेत्र का पुनर्निर्धारण करना/मतदान-केन्द्रों के युक्ति-युक्तकरण की कार्यवाही की जायेगी। निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन 16 नवम्बर, 2020 को किया जायेगा। इसके बाद एक जनवरी, 2021 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले व्यक्तियों का नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज किया जायेगा। प्रारूप प्रकाशन के बाद से ही 16 नवम्बर, 2020 से 15 दिसम्बर, 2020 तक दावे-आपत्ति प्राप्त किये जायेंगे। अवकाश दिवसों में 21 नवम्बर, शनिवार, 22 नवम्बर, रविवार, 12 दिसम्बर शनिवार एवं 13 दिसम्बर, रविवार को राज्य के प्रत्येक मतदान-केन्द्र पर विशेष कैम्प का आयोजन किया जायेगा। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी 2021 को होगा।अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश श्री अरुण कुमार तोमर ने बताया कि वर्तमान में राज्य में कुल 5.22 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 2.71 करोड़ पुरुष मतदाता एवं 2.51 करोड़ महिला मतदाता हैं। 80 वर्ष से अधिक 6 लाख 32 हजार 669 मतदाता एवं निश्शक्तजन मतदाताओं की संख्या 5 लाख 7 हजार 748 है।

## जल जीवन मिशन से 16 करोड़ 42 लाख के कार्य मंजूर

ग्वालियर। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्वालियर संभाग के अशोकनगर जिले में 16 करोड़ 42 लाख 13 हजार रूपये की लागत से 18 जल संरचनाओं की स्वीकृति जारी की है। अशोकनगर विकासखण्ड में 5 करोड़ 38 लाख 32 हजार रूपये की लागत के 6 कार्यों हेतु कार्यवाही प्रारम्भ की जा चुकी है। इसके साथ ही विकासखण्ड ईसागढ में 2 करोड़ एक लाख 86 हजार रूपये की लागत के 2 कार्य, विकासखण्ड चन्देरी में 4 करोड़ 65 लाख एक हजार रूपये की लागत के 5 कार्य तथा मुंगावली विकासखण्ड में 4 करोड़ 36 लाख 85 हजार रूपए की लागत के 5 कार्य किए जाना हैं। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिले के चारों विकासखण्ड के 50 ग्रामों में घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने के लिए चार माह में कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

## आई.टी.आई. तृतीय चयन सूची 18 सितम्बर को होगी जारी

**ग्वालियर।** आई.टी.आई. प्रवेश में तृतीय चयन सूची 18 सितम्बर को जारी होगी। इसमें प्रवेश प्रक्रिया 19 सितम्बर से प्रारंभ होकर 22 सितम्बर तक पूर्ण कर ली जायेगी। डीएसटी के तहत प्रवेश के लिए मेरिट सूची के आवेदकों का साक्षात्कार, चयन तथा प्रवेश की कार्यवाही 20 से 22 सितम्बर के मध्य की जायेगी। पोर्टल पर 24 सितम्बर को संस्थावार, श्रेणीवार रिक्त सीटों की जानकारी प्रदर्शित की जायेगी। रजिस्ट्रेशन एवं च्वाइस फिलिंग के लिए पोर्टल 25 सितम्बर को पुनः ओपन किया जाएगा। शैक्षणिक सत्र 2020 में आई.टी.आई. में अब तक कुल 11 हजार 390 बच्चों को प्रवेश दिया गया है। इसके तहत क्रॉस ट्रेनिंग स्किल में 11 हजार 68, इंडिस्ट्रीयल मेजमेंट समिति-201 तथा डयूल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग में 121 बच्चों को प्रवेश मिला है।

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

पुष्पांजली टुडे

क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक

डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm. (Min. size 5×9)

कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज 12×5 - 2000 रु

नि:शुल्क बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रंद्धाजलि शोक संदेश उठावनी

संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

प्रतिभा हम निखारेंगे

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी लेख कविताओं को हम देंगे जगह, आपके अंदर की प्रतिभाओं को हम उभरेंगे। तो देर किस बात की अभी हमे भेंजे अपनी कविता,लेख,कहानी,या फिर देख की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार आप हमें व्हाट्सएप या मेल कर सकते है।

*हमारा उद्देश्य - भारत को में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकलना।*

पुष्पांजली टुडे
E-mail - pushpanjalitoday@gmail.com
Whatsapp :- 8269307478,7999246560,9691270207

नोट : मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/पता/व्हाट्सएप अवश्य भेंजे

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478